उज्जैन
शुक्रवार
20
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-109
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



थाने पहुंची हरियाणवी कलाकारों की कन्ट्रोवर्सी जीजा जी' सॉन्ग पर विवाद, सिंगर मीता बोले-बिग बॉस ऑफर के लिए कर रही, सोनिका ने गंदा आदमी बताया

पेज- 8

## मैंने भारत-पाक को 200% टैरिफ की चेतावनी दी, तब लड़ाई रोकने के लिए माने

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को वॉशिंगटन में फिर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया।



उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों पर 200% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद वे संघर्ष रोकने के लिए माने। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये बात बोर्ड ऑफ पीस कार्यक्रम में कही। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब थे, लड़ाई तेज हो गई थी और विमान गिराए जा रहे थे। मैंने दोनों नेताओं (मोदी और शहबाज शरीफ) को फोन किया। मैं पीएम मोदी को अच्छी तरह जानता हूं। ट्रम्प ने कहा कि मैंने दोनों से साफ कह दिया था कि अगर वे झगड़ा खत्म नहीं करेंगे तो मैं उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करूंगा।

## दिल्ली-कर्नाटक समेत 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा। चुनाव आयोग ने पहले फेज में बिहार में एसआईआर करवाया था। दूसरे फेज के तहत, 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर 2025 से एसआईआर जारी है।

## बड़े इवेंट्स में गड़बड़ियां हो सकती हैं, दिल्ली में चल रहे एआई समिट की तारीफ की

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी विवाद चर्चा में है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर पार्टी सांसद शशि थरूर की टिप्पणी सामने आई है। उन्होंने कहा- समिट में पहले कुछ दिन बहुत अच्छे रहे, कुछ गड़बड़ियां हुई हैं, लेकिन बड़े इवेंट्स में ऐसी समस्याएं हो सकती हैं। थरूर ने समिट की तारीफ करते हुए कहा- जो बात प्रभावशाली रही वह राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और दुनिया के नेताओं की मौजूदगी थी। वे सभी एआई डेवलपमेंट में नई इंटीग्रेटेड दुनिया देखने की इच्छा के एक मजबूत संदेश के साथ आए थे।



## अप्रैल से शुरू होगी मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** देश में आगामी चुनावी तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग ने 18 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया अप्रैल से प्रारंभ होने की संभावना है, इसलिए संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी प्रशासनिक, तकनीकी और मैदानी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करनी होंगी। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इस व्यापक अभ्यास का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और पारदर्शी बनाना है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों का विलोपन, विवरणों में संशोधन तथा दोहराव की पहचान जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

### राजस्थान के अलवर-फतेहपुर में तापमान 10.4 डिग्री

# मप्र में 25 जिलों में बारिश

## हरियाणा में ओले गिरे, उत्तराखंड के केदारनाथ में बर्फबारी

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

देश में मैदानी और पहाड़ी राज्यों में मौसम एक बार फिर बदला है। राजस्थान में बीते 2 दिन से बारिश हो रही है, कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। जिलों में अधिकतम तापमान 30त्ड से कम और न्यूनतम तापमान 15त्ड से कम रहा। सबसे कम तापमान अलवर-फतेहपुर का रहा जो 10.4त्ड था।



साइक्लोनिक सकुर्लेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर के चलते मध्य प्रदेश के 25 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का असर है। श्योपुर में 63`स्त्रँ से हवा चली। बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में बारिश का अलर्ट है। दिल्ली-एनसीआर और एमपी से सटे जिलों में भी बारिश का यलो अलर्ट है। हरियाणा के भिवानी-रेवाड़ी में कल बारिश के साथ ओले गिरे। इससे तापमान में 7त्ड की गिरावट आई। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में कई जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। उत्तराखंड में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में बर्फबारी हुई, जिससे ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ी है।

## आई-पैक रेड विवाद- ममता पर पावर के गलत इस्तेमाल का आरोप

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच एजेंसी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पावर का गलत इस्तेमाल किया है। एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीएम और राज्य की मशीनरी कथित कोयला चोरी स्कैम के सिलसिले में आईपैक ऑफिस और उसके डायरेक्टर के ठिकानों पर रेड के दौरान गैर-कानूनी तरीके से घुसे। केंद्रीय एजेंसी ने बुधवार को हुई सुनवाई में अपने जवाब में कहा कि राज्य पुलिस के सीनियर अधिकारियों ने मिलीभगत की है और पीएमएलए के तहत ईडी के अधिकारियों के काम करने में रुकावट डाली है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि ये सब पश्चिम बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निजी फायदे के लिए किया गया है। ईडी ने आईपैक रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

### ट्रम्प की 'बोर्ड ऑफ पीस' मीटिंग में भारत शामिल हुआ

## गाजा के लिए 1.5 लाख करोड़ के राहत पैकेज का ऐलान, 50 देशों के प्रतिनिधि पहुंचे

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में भारत ने गुरुवार को ऑब्जर्वर देश के तौर पर हिस्सा लिया। यह बैठक वॉशिंगटन डीसी में हुई। भारत की तरफ से भारतीय दूतावास में तैनात चार्ज द अफेयर्स (सीनियर अधिकारी) नमग्या सी खम्पा ने हिस्सा लिया।

भारत ने अभी तक यह साफ नहीं किया है कि वह बोर्ड का फुल टाइम मेंबर बनेगा या नहीं। भारत ने पिछले महीने दावोस में इसके लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया था।


'बोर्ड ऑफ पीस' की बैठक में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए के राहत पैकेज का ऐलान किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि 9 सदस्य देश गाजा राहत पैकेज के लिए 63 हजार करोड़ रुपए (7 अरब डॉलर) देंगे। जबकि, अमेरिका खुद 90 हजार करोड़ रुपए (10 अरब डॉलर) देगा।

वहीं, 5 देशों ने युद्ध से तबाह फिलिस्तीनी इलाके में सैनिक तैनात करने पर सहमति दी है। वॉशिंगटन में हुई इस बैठक में करीब 50 देशों के अधिकारी शामिल हुए।

## सिंहस्थ में 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सूबे के पर्यटन क्षेत्र में धार्मिक शहर उज्जैन ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कीर्तिमान स्थापित हुआ है बीते वर्ष 2025 में जब शहर में देश विदेश से सर्वाधिक साढ़े पांच करोड पर्यटक उज्जैन पहुंचे।



**2025 में सर्वाधिक साढ़े पांच करोड़ पर्यटक उज्जैन पहुंचे**

यह आंकड़ा प्रदेश के अन्य पर्यटन और धार्मिक स्थानों से सबसे अधिक है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के दौरान प्रदेश में 13.18 करोड़ पर्यटक आए। इसमें सर्वाधिक साढ़े पांच करोड़ पर्यटक उज्जैन पहुंचे। 1.60 लाख चित्रकूट और 1.50 करोड़ पर्यटक मैहर पहुंचे। पर्यटन की गतिविधियों में वृद्धि से सूबे की मोहन यादव सरकार को प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन स्थलों से राजस्व में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें उज्जैन का योगदान सबसे अधिक है। बता दें कि महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन शहर में होटल उद्योग भी तेजी से फल फूल रहा है। सिंहस्थ 2028 में देश-दुनिया से 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यह बात आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में सामने आई है।

निर्यात में भी उज्जैन अव्वल बना हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में अक्टूबर 2024 की स्थिति में देखा जाए तो निर्यात के मामले में धार जिला सबसे आगे रहा है। यहां से 17,830 करोड रुपये की वस्तु निर्यात की गई। इसके बाद इंदौर 13,500, रायसेन 7,263, सिंगरौली 4,598, सीहोर 3,864, देवास 3,826, उज्जैन 2,288, भिंड 1,914, भोपाल 1,631 और रतलाम जिले से 1,278 करोड रुपये की वस्तुओं का निर्यात किया गया।

### इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन, शुजालपुर-कालापीपल जोड़ने के बाद

# फाइनल नहीं हुआ एरिया, सर्वे अटका

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर सहित पांच अन्य जिलों को जोड़कर बनने वाले इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन (आईयूएमआर) का सर्वे सहित अन्य काम अटका पड़ा है। दिसंबर में सीएम की बैठक में आईयूएमआर का एरिया 14 हजार 550 वर्ग किमी का तय हुआ था।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने शाजापुर जिले की शुजालपुर और कालापीपल तहसीलों को भी शामिल करने को कहा था। इसके बाद इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन का दायरा अब करीब 16 हजार वर्ग किलोमीटर तक बढ़ने वाला है। हालांकि अब तक नए एरिया की जानकारी न तो सामने आई है, न ही कंसल्टेंट कंपनी को इसकी डिटेल दी गई है। इसी कारण आगे के सर्वे सहित अन्य प्रक्रिया अटक गई है।

कंपनी पहले 9 हजार वर्ग किमी को लेकर एरिया इंस्पेक्शन प्लान सहित अन्य स्टडी कर चुकी है, लेकिन अब उसे यह काम नए सिरे से करना है। कैबिनेट से इसकी मंजूरी पहले ही हो चुकी है। इस विस्तार के बाद यह दिल्ली और




लखनऊ के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बन सकता है। आईयूएमआर में पहले से ही धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, शाजापुर का बड़ा हिस्सा शामिल है। इसके बाद भोपाल रीजन का हिस्सा शुरू हो जाएगा।

छठी बार बढ़ेगा मेट्रोपॉलिटन एरिया इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन की शुरूआत में इंदौर, उज्जैन, धार और देवास जिले के 6631 वर्ग किमी क्षेत्र को शामिल किया था। बाद में रीजन में बदनावर, बड़नगर तहसील को शामिल कर विस्तार 7863 वर्ग किमी कर दिया। पांचवीं बार में शाजापुर जिला शामिल कर इसे 14,550 वर्ग किमी किया गया था। अब छठी बार में इसका एरिया फाइनल होगा।

### यह प्रक्रिया होगी आगे

- आईयूएमआर के नए एरिया का गजट नोटिफिकेशन होगा। नोटिफिकेशन से एरिया फ्रीज होने के बाद ही कंसल्टेंट काम कर सकेगा।
- सिचुएशन एनालिसिस में शामिल जिलों की अलग-अलग तहसील, निकायों का डेटा, जनसंख्या, स्थापित उद्योग, क्षेत्र की विशेषताओं की स्टडी होगी।
- इसके बाद भौगोलिक, आर्थिक, धार्मिक-सामाजिक स्थिति का आकलन होगा।
- उसे सरकार या अथॉरिटी की मंजूरी मिलेगी। इसके बाद चार महीने में ड्राफ्ट प्लान बनेगा।
- ड्राफ्ट प्लान पर दावे-आपत्तियां बुलाए जाएंगे। उनकी सुनवाई के बाद फाइनल प्लान बनेगा।
- रीजनल व इन्वेस्टमेंट प्लान बनेंगे। पूरे प्रोजेक्ट की डीपीआर भी बनेगी।

**कम से कम चार महीने और लगेंगे:** नई घोषणा के बाद अब पूरा सर्वे फिर से होगा। इसका प्रमुख कारण जीआईएस से एरिया की पहचान करना है। इस कवायद में अब चार महीने और लगेंगे। मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा का कहना है, जल्द ही सर्वे पर काम शुरू हो जाएगा।



## खबर एक नजर...

### निनौरा टोल और लालगेट पर दुर्घटना में 2 कार क्षतिग्रस्त

**उज्जैन।** इंदौररोड पर सिक्स लेन के साथ ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते यातायात बाधित बना हुआ है। मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। बुधवार रात लालगेट के पास डम्पर क्रमांक एमपी 09 जीए 4227 के चालक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। कार में मंदसौर के बसेर कालोनी में रहने वाले रोहित पिता महेश कुमार का परिवार सवार था। गनीमत रही कि बड़ी जनहानि नहीं हुई। कार क्षतिग्रस्त होने पर नानाखेड़ा पुलिस ने डम्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। इंदौररोड पर दूसरी दुर्घटना निनौरा टोल के पास हुई। शास्त्रीनगर नीलगंगा उज्जैन के रहने वाले शशांक पिता शैलेन्द्र शाक्स की कार को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी। उक्त मामले में भी नानाखेड़ा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का सिलसिला गुरूवार को भी जारी रहा। हरिफाटक ब्रिज के पास एक्टिवा और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। उक्त मामले में नीलगंगा पुलिस जांच कर रही है।

### मेले में कार देखने पहुंचे थे, लौटते समय कार ने कुचला

**उज्जैन।** व्यापार मेले में कार देखने पहुंचे सेवानिवृत्त कैशियर को लौटते समय कार ने कुचल दिया। गंभीर घायल होने पर उन्हे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। व्यास नगर में रहने वाले कृष्ण मोहन पिता मदन अवस्थी 68 साल बिजली विभाग में कैशियर के पद से सेवानिवृत्त थे। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में व्यापार मेला लगा हुआ है। शाम को वह मेले में कार देखने पहुंचे थे। जहां से स्कूटी पर लौटते समय इंजीनियरिंग कॉलेज मार्ग पर ही उन्हे तेजगति से आई कार ने कुचल दिया। गंभीर घायल होने पर उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। टक्कर मारने वाली कार का पता लगाया जा रहा है।

### बालाजी अस्पताल पर 50 हजार का जुर्माना

**उज्जैन।** उज्जैन के देवास रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल में बायोमेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ मिलाकर देने का मामला सामने आया है। इस पर नगर निगम ने अस्पताल प्रबंधन पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की नई टूलकिट के तहत होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अस्पतालों को अपने यहां से निकलने वाले कचरे का सही तरीके से निष्पादन करना अनिवार्य है। साथ ही अस्पतालों को बायोमेडिकल वेस्ट को अलग से सुरक्षित रखना होता है। इसी क्रम में गुरुवार को देवास रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल का निरीक्षण नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बायोमेडिकल वेस्ट को अलग रखने के बजाय सामान्य कचरे में मिलाकर दिया जा रहा था। इसके बाद नगर निगम ने अस्पताल प्रबंधन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की।

### विवि में चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला द्वारा 20 से 24 फरवरी तक लोक साहित्य, संस्कृति एवं भक्ति काव्य के विविध आयामों पर केंद्रित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में देश के कई राज्यों के विशेषज्ञ और शोधकर्ता भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक और हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा एवं मुख्य समन्वयक प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया यह बौद्धिक समागम विश्वविद्यालय के वाग्देवी भवन स्थित राष्ट्र भाषा सभागार में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।



### प्रकृति का प्रकोप : आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश

# ओले गिरने से गेहूं की अधपकी फसल बर्बाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कल रात्रि प्रकृति का एकाएक कोप देखने को मिला जब आसपास के क्षेत्रों मे तेज हवा के साथ बारिश व ओले गिरे। गार (ओले) ने कई किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। आज जब सुबह किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो वहां तबाही का मंजर देख रूआंसे हो उठे।समीपस्थ गांव रूईगढा, लसुडिया बाजार, छितरदेवी, नवेली, अहिरखेड़ा, बोरखेड़ाभल्ला के कृषक सबसे ज्यादा परेशान हैं। उज्जैन जिले की घटिया, नागदा,महिदपुर, तराना तहसील मे ओलावृष्टि की मार ज्यादा रही।

**पूरे खेत मे गेंहू की बाली आड़ी-** लसुडिया बाजार के कृषक पदमसिंह आंजना ने दुखी मन से बताया कि उनकी लगभग चालीस बीघा जमीन पर अधिकांश हिस्से में ओले की मार से



फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। गेंहू की अधपकी फसल आड़ी पड़ी है। आंजना का कहना है कि अब न तो इसे काट सकते हैं और न ही इससे भूसा प्राप्त हो सकेगा। 15 मिनट की तेज हवा और गार ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया है। उन्होंने शासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

**शासन किसानों की शीघ्र सुध ले-** किसान पूरालाल का कहना है कि बुधवार रात पौने दस बजे जो गार गिरना शुरू हुई तो मात्र 15 मिनट मे हमारी पूरी फसल तबाह हो गई। अब बस शासन से ही उम्मीद है कि शीघ्र नुकसान का आंकलन कर उचित मुआवजा राशि दी जाए ।

### घटिया-नागदा तहसील में सर्वाधिक नुकसान

बुधवार रात्रि में तेज हवा व बारिश के साथ ओलावृष्टि से क्षेत्र में किसानों का बहुत नुकसान हुआ है। रबी की फसल गेंहू व चना पूरी तरह पकने से पहले ही आड़ा पड़ गया जिसके आंकलन और कृषकों से जानकारी लेने के लिए मैं गांवों का दौरा कर रहा हूं। आज लसुडिया बाजार में फसल की बर्बादी देखकर मन व्यथित है। भारतीय किसान संघ हमेशा किसान भाईयों के साथ खड़ा है और इस संबंध मे शासन से मांग की जाएगी कि जल्दी ही नुकसान का आंकलन कर उचित मुआवजा राशि किसानों को दी जाए साथ ही बीमा क्लेम के फार्म भी जल्दी से भरवाए जाएं ताकि भूमिपुत्रों को राहत मिले।

**बहादुरसिंह आंजना, जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, उज्जैन।**

### ढांढस बंधाना जरूरी

आपदा की इस कठिन घड़ी में सभी किसान साथ रहें। घटिया तहसील के गांवों का दौरा कर हम किसानों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं ताकि वे टूटे नहीं। गेंहू, चना के साथ ही प्याज व लहसुन भी खराब हो चुका है। शासन जल्दी से उचित मुआवजा किसानो को दे ऐसी हमारी मांग है।

**कमल पटेल, कृषक चकरावदा।**

### कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने दिए कार्रवाई के निर्देश


## मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने पर सख्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बन रहा है।

गुरुवार, 19 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया कि ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त चालानी और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले के ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां रंबल स्ट्रिप, कैट आई, संकेतक बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाने के भी निर्देश दिए। साथ ही, किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में स्कूल वाहनों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्कूल संचालकों



को निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस सिस्टम लगाएं। आरटीओ को स्कूल वाहनों की फिटनेस का नियमित सत्यापन करने के लिए कहा गया है।

रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि पशुओं के सींग पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, इंटरसिटी बड़ी बसों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के विषय पर भी चर्चा की गई।

सड़क दुर्घटना में घायलों को 'गोल्डन ऑवर' में तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को एक समन्वित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी बताया गया कि हिट एंड रन के 19 प्रकरणों में कुल 32 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से 15 फरवरी 2026 के बीच सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2025 की तुलना में 43 मामलों की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में हेलमेट न पहनने पर 13,892 चालान और सीट बेल्ट न लगाने पर 3,240 चालान बनाए गए थे।

## कंठाल-गोपाल मंदिर मार्ग चौड़ीकरण पर कोर्ट की रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कंठाल-गोपाल मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण पर फिलहाल इंदौर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। यह रोक क्षेत्र के सात व्यापारियों द्वारा लगाई गई याचिका के आधार पर लगाई गई हैं। इसमें कोर्ट ने कहा है कि बगैर प्रभावितों को सुनवाई का मौका दिए कार्रवाई नहीं की जाए। कुछ दिन पहले ही नगर निगम की टीम ने कंठाल-गोपाल मंदिर मार्ग के कुछ व्यापारियों को चौड़ीकरण के लिए भवन-प्रतिष्ठान खाली करने के नोटिस दिए थे। ऐसे में नोटिस प्राप्त होने पर मनीष गुप्ता, भरत कुमार जैन, अनिल गादिया, महावीर सौभागमल गादिया ने याचिका लगाई।


इन पड़ौसी व्यापारियों को मिले नोटिस के आधार पर ही दो अन्य व्यापारी प्रदीप गादिया और अभय सौभागमल गादिया ने भी याचिका लगाई। इनकी तरफ से कोर्ट में पैरवी करने वाले सीनियर एडवोकेट विशाल बाहेती ने बताया कि हाइकोर्ट ने चौड़ीकरण की



कार्रवाई पर रोक लगा दी है। निगम से कहा वह प्रभावित होने वालों को सुनवाई का पूरा मौका देवें। बाहेती ने बताया कि अब निगम को संबंधितों को सुनवाई का पूरा मौका देना होगा और कार्रवाई को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करना होगी। इधर इस संबंध में निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने अनभिज्ञता जताई।

उज्जैन
शुक्रवार
20
फरवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### डीएवीवी की यूजी थर्ड ईयर परीक्षा 12 अप्रैल तक, रिजल्ट की तारीख भी बदली

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने 5 मार्च से शुरू होने वाली स्नातक थर्ड और फोर्थ ईयर की परीक्षाओं के टाइमटेबल में बड़ा बदलाव किया है। अब ये परीक्षाएं 31 मार्च के बजाय 12 अप्रैल तक चलेंगी। इस फैसले से करीब 45 हजार छात्र प्रभावित होंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन के मुताबिक, बीए, बीकॉम और बीएससी के पेपर अब लंबी अवधि तक चलेंगे। हालांकि, परीक्षा की शुरूआत 5 मार्च से ही होगी। विश्वविद्यालय ने यह बदलाव इसलिए किया है क्योंकि लगभग 70% छात्र ऐसे हैं, जो थर्ड ईयर के साथ-साथ सेकंड ईयर के 'बैक' पेपर भी दे रहे हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि नकल और पेपर लीक रोकने के लिए सख्त निगरानी रहेगी। छात्र विस्तृत और संशोधित टाइमटेबल यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

**फर्स्ट ईयरः** प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 12 मई से प्रस्तावित हैं।

**थर्ड ईयरः** थर्ड ईयर की पूरी परीक्षा कुल 14 वर्किंग डे में समेटने की योजना है।

सीयूईटी पीजी का शेड्यूल अब जारी हुआ है। विवि के मुताबिक इस बदलाव से छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि थर्ड ईयर के ज्यादातर छात्रों को सेकेंड ईयर पीजी में शामिल होना है। तारीख बदलने से वे दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। रिजल्ट 10 मई तक भी आ जाएंगे तो पीजी एडमिशन में छात्रों को किसी तरह की दिक्कतें नहीं आएंगी। परीक्षाएं आगे बढ़ने के कारण रिजल्ट की तारीखों में भी बदलाव हुआ है। थर्ड ईयर रिजल्ट अब 30 अप्रैल के बजाय 10 मई तक आएगा। वहीं विवि ने सेकंड ईयर का रिजल्ट 31 मई तक जारी करने का लक्ष्य रखा है।

### नशेड़ी ड्राइवर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**इंदौर।** नशे में धुत स्कॉर्पियो चालक ने गुरुवार रात 8.30 बजे नगर निगम चौराहा के सामने सड़क किनारे कहर बरपाया। स्कॉर्पियो 7 गाड़ियों को टक्कर मारते हुए दुकान में जा घुसी। दुकान के बाहर खड़े 4 युवक सचिन, सौरव, अनिकेत और राज वर्मा चपेट में आने से घायल हो गए। आवाज सुनकर दुकानदार बाहर आए और घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। लोगों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए ड्राइवर को पुलिस के हवाले किया। एमजी रोड टीआई विजय सिंह सिसौदिया के मुताबिक राहुल जैन की शिकायत पर स्कार्पियो चालक गजानंद पिता मदनलाल मालवीय निवासी भवानी नगर सांवेर रोड के खिलाफ केस दर्ज किया है। राहुल ने बताया वे दुकान में ग्राहकों को कपड़े दिखा रहे थे। कुछ ग्राहक दुकान के बाहर भी खड़े थे। इतने में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ियों में टक्कर मारते हुए दुकान में आ घुसी। स्कार्पियो चालक गजानंद शराब के नशे में धुत था। चारों घायलों को सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोट आई है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो दुकान में घुसी, दो युवक घायल

**इंदौर।** इंदौर के चिकमंगलूर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक एक कपड़े की दुकान में जा घुसी। स्कॉर्पियो ने सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोगों ने कार को वहां से हटवाया। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह घटना एमजी रोड थाना क्षेत्र के नगर निगम रोड के पास की है। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ₹श्री साईराम जींस होम₹ नाम की दुकान में जा घुसी। इस दौरान कार ने सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया। बताया जाता है कि फुटपाथ पर दो युवक खड़े थे, जो इस कार की चपेट में आने से घायल हो गए। हालांकि, पुलिस मौके पर पहुंच गई है। कार को जब्त कर थाने ले जाया गया है।

### रेसीडेंसी कोठी में मिले कॉकरोच-सड़े आलू, कलेक्टर ने कंपनी को हटाया, डिप्टी कलेक्टर समेत 6 को नोटिस

# इंदौर में गंदगी पर भड़के राज्यपाल, भोजन छोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में रेसीडेंसी कोठी में ठहरने पहुंचे मंगुभाई पटेल को गंभीर अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। गंदी बेडशीट, रसोई में गंदगी और ठंडी चाय मिलने पर राज्यपाल ने नाराजगी जताई। कोठी में भोजन करने से इनकार कर दिया।

उन्होंने एयरपोर्ट पर भोजन करने की बात कही। राज्यपाल मंगलवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने इंदौर आए थे। लापरवाही बरतने पर कंपनी को हटा दिया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने डिप्टी कलेक्टर समेत 6 अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। सुबह एडीसी नरेंद्र रावत और अधिकारी विपुल शाह ने रसोई का निरीक्षण किया। किचन में कॉकरोच और कीड़े पाए गए। बर्तन गंदे थे, सड़े आलू और छिलके पड़े थे। पैंट्री और फ्रिज की जांच में भी अव्यवस्था सामने आई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी राज्यपाल को दी, जिसके बाद उन्होंने कोठी में भोजन नहीं किया।



#### सुरक्षा स्टाफ को दागदार बेडशीट

- राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को दाग और धब्बों वाली बेडशीट दी गई। साफ बेडशीट मांगने पर कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई।
- अधिकारियों ने किचन इंचार्ज राकेश सिंह और अमित शर्मा को फटकार लगाई। आवश्यक बर्तन और सामग्री की सूची मांगी गई। दोपहर में नए कुकर और क्राकरी की व्यवस्था कराई गई। हाउसकीपिंग की जिम्मेदारी रतन एंपोरियम सिक्योरिटी कंपनी के पास है।

#### कर्मचारियों का दावा- जुलाई 2023 से भुगतान लंबित

हाउसकीपिंग कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें जुलाई 2023 से भुगतान नहीं मिला है। हाल ही में चार लाख रुपए जारी किए गए। कंपनी के संचालक अमनवीर अरोरा बताए गए हैं।

**अपर कलेक्टर बोले- कीड़े मिलने की बात गलत-** किचन इंचार्ज राकेश प्रताप ने माना कि बेडशीट पर दाग था, जिससे राज्यपाल नाराज हुए। हालांकि, अपर कलेक्टर रोशन राय ने भोजन में कीड़े मिलने की बात को गलत बताया। उनका कहना है कि संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई की गई है और मामला खराब व्यवहार से जुड़ा है।

**निर्देश के बाद भी नहीं बदले गए बेडशीट-** कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि राज्यपाल के ओएसडी ने बेडशीट बदलने के निर्देश दिए थे, लेकिन कंपनी के कर्मचारी ने समय पर बेडशीट नहीं बदली। सुबह ओएसडी और एडीसी ने किचन का निरीक्षण किया। डस्टबिन खुले पाए गए।

# नर्सिंग ऑफिसर्स से 2.92 करोड़ की ठगी

### प्रॉपर्टी निवेश में मुनाफे का झांसा दिया, चार अधिकारियों ने अलग-अलग रकम निवेश की

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के एक अर्दली पर नर्सिंग अधिकारियों से निवेश के नाम पर 2 करोड़ 92 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के साथ उसकी पत्नी और मां को भी आरोपी बनाया है।

**नर्सिंग अधिकारियों की शिकायत पर मामला दर्ज-** हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार नरेंद्र कुमार सागर, दयानंद बेनीवाल, अयुष दधीच और दलवीर प्रजापत की शिकायत पर दीपेश पुत्र दिनेश रायकवार, उसकी मां शीला रायकवार और पत्नी आकांक्षा रायकवार के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है।

**प्रॉपर्टी निवेश में मुनाफे का झांसा दिया-** पुलिस के अनुसार सभी पीड़ित कर्मचारी राज्य बीमा निगम में नर्सिंग ऑफिसर हैं और राजस्थान के निवासी हैं। आरोपी दीपेश निगम में अर्दली के पद पर कार्यरत है। उसने अधिकारियों से पहचान बढ़ाकर प्रॉपर्टी खरीद-बिक्री में निवेश कराने और अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिलाया।




**कंपनियों में निवेश के नाम पर रकम ली-** आरोपी ने पीड़ितों से कुल 2.92 करोड़ रुपए लेकर अपनी पत्नी और मां के नाम से संचालित रायकवार ट्रेडर्स और एकदंत कंपनी में निवेश करने की बात कही। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो कोई प्रॉपर्टी दिखाई गई और न ही पैसा निवेश किया गया।

#### रकम वापस मांगने पर टालमटोल करता रहा

- पीड़ितों ने जब निवेश की जानकारी और पैसा वापस मांगा तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। इसके बाद सभी अधिकारियों ने हीरानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।
- पुलिस के मुताबिक नरेंद्र कुमार सागर ने 91 लाख रुपए, दयानंद बेनीवाल ने 62 लाख रुपए, अयुष दधीच ने 1 करोड़ 8 लाख रुपए और दलवीर प्रजापत ने 91 लाख 38 हजार रुपए आरोपी की कंपनियों में जमा कराए थे। अधिकांश रकम बैंक से लोन लेकर दी गई थी।

#### पुलिस ने जांच शुरू की

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निवेश की गई राशि और संबंधित कंपनियों के लेनदेन की जानकारी जुटाई जा रही है।

## एमवाय हॉस्पिटल में बेरियाट्रिक सर्जरी अब पूरी तरह फ्री

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

एमवाय अस्पताल, इंदौर अब मध्य प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां बेरियाट्रिक सर्जरी पूरी तरह निशुल्क की जा रही है। अस्पताल में 23 फरवरी से राजेंद्र धारकर ओपीडी में विशेष बेरियाट्रिक क्लीनिक शुरू होगा, जहां विशेषज्ञ नियमित मरीजों की जांच करेंगे।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अधिक वजन और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों की सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क की जाएगी। जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें भी सरकारी रियायती दरों पर ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। डॉक्टरों के अनुसार इसी प्रकार की बेरियाट्रिक सर्जरी निजी अस्पतालों में 5 से 6 लाख रुपए तक में होती है। सरकारी अस्पताल में यह सुविधा मुफ्त मिलने से मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को राहत मिली है। इंदौर की 30 वर्षीय एक महिला ने अस्पताल में परामर्श लिया। उनका वजन 120 किलोग्राम था। जांच में उन्हें डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर सहित कई बीमारियां पाई गईं। इसके बाद 12 फरवरी को लेप्रोस्कोपिक मिनी गैस्ट्रिक बायपास सर्जरी की गई। स्वास्थ्य में सुधार के बाद 17 फरवरी को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सर्जरी लगभग दो घंटे चली। इसमें डीन और वरिष्ठ सर्जन डॉ. अरविंद घनघोरिया के साथ डॉ. अजय गंगजी, डॉ. नवीन गुप्ता और डॉ. आशीष मिश्रा सहित मेडिकल टीम शामिल रही। ऑपरेशन के अगले दिन ही मरीज को चलने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# एसवीआईएमएस में प्रबंधोत्सव 2026 का रंगारंग आगाज, प्रतिभा और खेल का उत्सव

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस, इंदौर में प्रबंधोत्सव 2026 अंतर-महाविद्यालयीन प्रतित्योगिता का भव्य उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव में इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के 25 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीमवर्क और सांस्कृतिक समन्वय को प्रोत्साहित करना है, ताकि शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले।

महोत्सव के अंतर्गत क्विज, मेहंदी, वाद-विवाद, गायन, नृत्य, रंगोली जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शूटिंग और पारंपरिक खेल जैसे कब्बडी व पिट्ठू आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने खेल भावना और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सचिन शर्मा, डीसीडीसी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रुचियां सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल एवं अध्ययन के संतुलन का महत्व समझाते हुए कहा कि खेलों के साथ पढ़ाई करने से सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को खुश रहकर सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का संदेश दिया।

विशिष्ट अतिथि सुभाष सिंह, डीएसपी - साइबर सुरक्षा, इंदौर, मध्य प्रदेश पुलिस ने विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के संतुलित उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना 60% समय अध्ययन को और 40% समय डिजिटल माध्यमों को देना चाहिए। शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए मैदान में खेलना आवश्यक है, मोबाइल पर नहीं।

संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को वर्चुअल दुनिया के दुष्प्रभावों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अपने जीवन में कम से कम एक खेल अवश्य शामिल करें, खेल भावना के साथ खेलें और यादगार पल बनाएं।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु पसारी ने प्रबंधोत्सव 2026 का विधिवत उद्घाटन करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं। संस्थान के सचिव मनीष बाहेती ने आभार माना। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर श्री वैष्णव ट्रस्ट समूह के ट्रस्टीगण, कंप्यूटर एवं बायोसाइंस विभागाध्यक्ष- डॉ. क्षमा पैठणकर, , मेंनेजमेंट विभागाध्यक्ष (यूजी/पीजी) डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल, प्रशासनिक अधिकारी कल्पेश भट्ट सहित संस्थान के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल समन्वय में डॉ. संदीप मालू, डॉ. एकता अग्रवाल, डॉ. प्रशांत कुशवाहा, डॉ. राघव जायसवाल एवं जयप्रकाश रायकवार ने किया।

## खबर एक नजर...

### नारायणा धाम में एनएसएस विशेष शिविर

महिदपुर । शासकीय महाविद्यालय महिदपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का विशेष शिविर नारायणा धाम में लगा है। इसी तारतम्य में कैम्प के प्रभारी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह दिनांक 18-02-2026 को स्वयंसेवकों करीना चैधरी, चंचल चैहान, नवाजिश, अहीरवार, अरुण इत्यादि के साथ महाविद्यालय के इतिहास विषय के प्राध्यापक डॉ. अनिल पड़ियार के साथ शा. उ. मा. विद्यालय नारायणा धाम परिसर में श्रमदान हेतु आए। स्वयंसेवकों द्वारा पौधरोपण हेतु गड्ढे खोदे गए एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर शा उ मा वि नारायणा के समस्त शिक्षक भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी सत्यनारायण शर्मा द्वारा दी गई।

### साध्वी मीरा दीदी के मुख से प्रवाहित हो रही है श्री राम कथा की पावन गंगा

महिदपुर। महिदपुर तहसील के नारायणा धाम से पश्चिम दिशा में 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चरणमया चिरमिया में अयोध्यावासी साध्वी सुश्री मीरा दीदी द्वारा राम कथा कही जा रही है। आज कथा में भगवान श्री राम के वन गमन से लेकर केवट द्वारा भगवान श्री राम के चरण पखारने का मार्मिक प्रसंग सुनाया। साध्वी दीदी ने कहा कि भाव में ही भगवान है भक्त का जहां भाव होता है वहां भगवान को आना ही पड़ता है। भगवान श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण एवं पत्नी लक्ष्मी स्वरूपा सीता सहित गंगा के तट पर केवट की नैय्या में बैठने के लिए स्वयं चलकर आते हैं जो जगत को पार लगाने वाले हैं वह केवट को गंगा पार लगाने के लिए अनुरोध करते हैं। करुणा निधान भगवान अपने भक्तों का सदैव मान बढ़ाते हैं। संगीतमय श्री राम कथा में रामायण की चैपाइयों के साथ कथा सुन श्रोता मंत्र मुक्त होकर भाव विभोर हो जाते हैं। 11 फरवरी से दोपहर 12 से 3:00 बजे तक रामकथा का आयोजन हो रहा है जो 19 फरवरी तक चलेगा। कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे है। स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने अधिक से अधिक भक्तों से कथा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

### उज्जैन में नागरिक एवं साख सहकारी संस्थाओं का दो दिवसीय कौशल उन्नयन व नेतृत्व विकास प्रशिक्षण शुरू

# सहकारी संस्थाओं की मजबूती के लिए 40 प्रतिशत राशि फिक्स डिपॉजिट रखें : उपायुक्त के. पाटनकर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल और जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में उज्जैन जिले की नागरिक सहकारी बैंक और साख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष, संचालक, प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का विधिवत स्वागत सहायक आयुक्त एवं संघ के प्रशासक संजय कौशल ने किया।




### संस्था के हित के लिए रोज 10 मिनट चिंतन करें

संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने अपने स्वागत भाषण में सहकारिता का अर्थ समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मनुष्य के शरीर के अंग एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं, वही सहकारिता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिस तरह संस्था प्रमुख भगवान के ध्यान में प्रतिदिन 10 मिनट बैठते हैं, उसी तरह उन्हें रोज 10 मिनट अपनी संस्था के हित, उन्नति और विकास के बारे में भी सोचना चाहिए, ताकि सदस्यों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### आर्थिक स्थिति मजबूत रखने का दिया मंत्र

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सहकारिता उपायुक्त के. पाटनकर ने वित्तीय प्रबंधन पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संस्थाओं को अपनी जमा पूंजी में से अधिकतम 60 प्रतिशत तक ही ऋण वितरण करना चाहिए, जबकि 40 प्रतिशत राशि फिक्स डिपॉजिट में रखनी चाहिए। इससे किसी भी विपरीत आर्थिक परिस्थिति में संस्था मजबूत स्थिति में बनी रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्थाओं को अपने बचत खाते और एफडी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक या अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक में ही रखनी चाहिए। इससे सहकारिता के माध्यम से परोपकार के कार्य होंगे और सदस्यों का विश्वास अर्जित किया जा सकेगा।

### प्रशिक्षण, पारदर्शिता और तकनीक पर जोर

समारोह में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित (इंदौर) के सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य दिलीप एरमट ने कहा कि प्रशिक्षण से हमें नए तरीके से कार्य करने का अवसर मिलता है, जिससे संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आती है। ऑडिट ऑफिसर संजीव शर्मा ने कर्तव्यों और संचालन की जानकारी देते हुए कहा कि अन्य प्रदेशों की सफल संस्थाओं के अध्ययन भ्रमण से उनकी कार्यप्रणाली का ज्ञान प्राप्त कर अपनी संस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। सीए अनुभव प्रधान ने कंप्यूटरीकृत व्यवस्था, आयकर और जीएसटी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## आप मध्यप्रदेश की मीडिया टीम घोषित, उज्जैन झोन से दीपक बिजौरे बने झोन मीडिया कॉर्डिनेटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार को लेकर पार्टी को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिये आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मध्यप्रदेश में झोन कॉर्डिनेटर के पद की मीडिया टीम की सूची जारी की गई है। यह घोषणा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में की गई है।

मध्यप्रदेश में जारी सूची के अनुसार दीपक बिजौरे को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के लिए उज्जैन झोन कॉर्डिनेटर के पद पर नियुक्त कर अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति से प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर संगठन विस्तार, मीडिया समन्वय और जनसंपर्क गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जिससे पार्टी की क्रांतिकारी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना है ।

प्रदेश में मीडिया क्षेत्र से जुड़े हुए झोन कॉर्डिनेटर की नई टीम, मीडिया के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने और जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पार्टी द्वारा नई जिम्मेदारी मिलने पर उज्जैन जिले से प्रदेश कोर कमेटी के मेंबर महेश मनचंदिया ,पूर्व शहर अध्यक्ष नरेंद्र सोलंकी, अभिषेक शर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष चेतन परमार ,पूर्व महापौर प्रत्याशी संतोष वर्मा एवं सदस्य नासिर बेलिम ओर अन्य पार्टी के सदस्यों ने दीपक बिजौरे को पार्टी की नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जानकीनाथ मंदिर में 'लायंस शाही मंडपम' का भूमिपूजन

### लायन कुलभूषण मित्तल ने दिया 1 लाख का सहयोग, बोले- 'परमात्मा का कार्य है, वही पूरा करेंगे'



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाश्वेता नगर स्थित श्री जानकीनाथ मंदिर में 'लायंस मंडपम' के निर्माण का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस शाही मंडपम का निर्माण लायंस इंटरनेशनल से प्राप्त ग्रांट (अनुदान) के माध्यम से किया जाएगा।

डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लायन दीपक राजवानी ने बताया कि यह शिलान्यास समारोह लायंस इंटरनेशनल के वाइस गेट एरिया लीडर (इंदौर) लायन कुलभूषण मित्तल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ और जानकीनाथ भक्त मंडल सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश जादोन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उज्जैन के लायंस सदस्यों के साथ श्री जानकीनाथ भक्त मंडल सेवा समिति और स्थानीय श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### 'मैं तो निमित्त मात्र हूँ, धन की कमी नहीं आने दी जाएगी'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष लायन कुलभूषण मित्तल ने कहा कि मंदिर परिसर में निर्माण हेतु लायंस इंटरनेशनल से प्राप्त ग्रांट मात्र एक टोकन राशि है, जिससे यह पुनीत कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने मंदिर को एक चैतन्य स्थान बताते हुए कहा, ३मैं यहां एक सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति के वशीभूत होकर अपनी ओर से 1 लाख रुपये का सहयोग आज ही घोषित करता हूँ। आगे भी निर्माण में जितनी राशि कम पड़ेगी या आवश्यकता होगी, उसकी चिंता मेरी होगी। मैं तो केवल निमित्त मात्र हूँ, यह परमात्मा का कार्य है और परमात्मा ही इसे पूरा करेंगे। लायन कुलभूषण मित्तल के इन प्रेरक विचारों के बाद वहां मौजूद अन्य लायंस सदस्यों और समिति के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक लगभग 1.25 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

# महाकाल मंदिर संध्या और शयन आरती में 250 रुपए शुल्क लगाने पर बवाल

### कांग्रेस का कड़ा विरोध, कहा दान स्वैच्छिक होता है, भाजपा ने मंदिर को व्यापार, व्यवसाय का केंद्र बना दिया

### ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर अपराध बढ़ेंगे, पहले भी कई जेल जा चुके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती की तर्ज पर अब संध्या आरती और शयन आरती दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग होगी, जिसके लिए भक्तों को 250-250 रुपए प्रति व्यक्ति चुकाने होंगे। मंदिर समिति के इस फैसले के बाद अब शहर में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। कांग्रेस ने इस सशुल्क दर्शन व्यवस्था का कड़ा विरोध करते हुए सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी एवं नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने इस फैसले को लेकर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मंदिर समिति ने दर्शन और अन्य सभी व्यवस्थाओं को धीरे-धीरे आय का साधन बना दिया है। आपने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर अनेक प्रकार के अपराध और अनियमितताएं होने की आशंका है। पूर्व में भी भस्म आरती को लेकर रात 11-11 बजे तक टिकट जारी करने जैसी अनियमितताएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोग जेल तक जा चुके हैं।

मुकेश भाटी, रवि राय ने कहा कि भगवान महाकाल के मंदिर में दर्शन और दान पूरी तरह से स्वैच्छिक होना चाहिए। श्रद्धालु अपनी श्रद्धानुसार जो भी दान करना चाहें, वह दान पेटी में डालें। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मंदिर को व्यापार और व्यवसाय का केंद्र बना दिया है। कांग्रेस पार्टी भस्म आरती के बाद अब शयन और संध्या आरती के नाम पर दर्शनार्थियों से की जा रही इस वसूली का कड़ा विरोध करती है। इसके साथ ही, इस संबंध में कांग्रेस पार्टी शीघ्र ही अपने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति तैयार करेगी।

मुकेश भाटी एवं रवि राय ने इस निर्णय के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने प्रशासन से पूछा है कि क्या प्रशासक द्वारा लिए गए इस निर्णय का श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने विधिवत अनुमोदन किया है? क्या शहर के भाजपा विधायकों, सांसद और प्रभारी मंत्री से इस फैसले को लेकर सहमति ली गई है? यह निर्णय किस आधार पर और किसकी सलाह पर लिया गया, इसे तुरंत सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

रोज 10 लाख अतिरिक्त कमाने की 'लूट' और बिना ऑडिट का हिसाब

कांग्रेस नेता रवि राय ने मंदिर समिति के इस फैसले को दर्शन के नाम पर सीधे 'लूट-पाट' करार दिया है। उन्होंने इसका गणित समझाते हुए बताया कि यदि शयन आरती के लिए 2000 लोगों को और संध्या आरती के लिए भी 2000 लोगों को अनुमति दी जाती है, तो 250 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से दोनों आरतियों से प्रतिदिन 5-5 लाख रुपए की वसूली होगी। इस तरह मंदिर समिति भस्म आरती की तरह ही प्रतिदिन 10 लाख रुपए अतिरिक्त कमाने की योजना बना रही है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि दान के रूप में आ रहे इतने भारी-भरकम पैसे का मंदिर समिति कभी भी सार्वजनिक ऑडिट नहीं करवाती है, जिससे यह पता ही नहीं चलता कि यह पैसा कहाँ जा रहा है।

वीआईपी दर्शन के नाम पर पहले भी हो चुके हैं बड़े खुलासे

नई सशुल्क व्यवस्था का विरोध इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पूर्व में दर्शन के नाम पर मंदिर में कई घोटाले सामने आ चुके हैं। दिसंबर 2024 में ही उज्जैन कलेक्टर ने वीआईपी दर्शन (प्रोटोकॉल दर्शन) के नाम पर हो रही अवैध वसूली का रंगे हाथों खुलासा किया था। नंदी हॉल और महाकाल की चौखट के दर्शन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से 1100 से 2100 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही थी। इस मामले में कलेक्टर की कार्रवाई के बाद 6 कर्मचारियों (जिनमें पुरोहित और सुरक्षा गार्ड भी शामिल थे) को निलंबित कर उनके खिलाफ महाकाल थाने में 3 एफआईआर दर्ज करवाई गई थीं।

## खबर एक नजर...

### स्कूली बच्चों का विदाई समारोह संपन्न बच्चों को स्मृति चिन्ह

महिदपुर रोड। नगर के नागदा मार्ग पर स्थित टिनिट्री स्कूल की कक्षा पांचवी तथा आठवीं में अध्ययन रत स्कू ली बच्चों का विदाई समारोह बुधवार को विद्यालय कैंपस में आयोजित किया गया इस दौरान विद्यालय संचालक आशुतोष यादव तथा शिक्षकीय स्टाफ ने स्कूली बच्चों को परीक्षा में शानदार सफलता के लिये आवश्यक टिप्स प्रदान किये कक्षा पांचवी तथा आठवीं के स्कूली बच्चों ने अपनी और से विद्यालय को संयुक्त रूप से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया विद्यालय संचालक आशुतोष यादव ने बताया कक्षा आठवीं तथा पांचवी के स्कूली बच्चे नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा देने उपस्थित होंगे।

### देवतवाल बने अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष

**शाजापुर।** अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए। जहां उपाध्यक्ष पद के लिए 350 में से 284 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर गिरधारीलाल देवतवाल को विजय घोषित किया गया और सभी ने उन्हें बधाई देते हुए स्वागत किया। अभिभाषक संघ के चुनाव की प्रक्रिया पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। पहले प्रत्याशियों ने आवेदन जमा किए। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मैदान में करणसिंह गुर्जर, सचिव पद पर शैलेंद्र वर्मा, सह सचिव पद पर विकास सक्सेना, लाइब्रेरियन सचिव के पद पर तेजकरन मेवाड़ा व कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र जायसवाल को कोई प्रतिद्वंदी न होने पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया था। लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी गिरधारीलाल देवतवाल, मदनसिंह चौहान व शिव कलेशरिया के मैदान में होने से 17 को मतदान कराया गया। जहां 350 मतदाताओं में से 284 अभिभाषकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें गिरधारीलाल देवतवाल को 188 तथा मदनसिंह चौहान को 53 वोट मिले। वहीं शिव कलेशरिया को 39 मतों से संतोष करना पड़ा। डाले गए मतों में से 3 मत निरस्त हुए तथा नोटा में भी एक वोट डाला गया। इस तरह गिरधारीलाल देवतवाल 92 मतों से विजयी घोषित हुए जिन्हें सभी ने शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया।

### पीएम श्री एमएस ग्रुप शाला स्कूल में वार्षिक उत्सव का समापन

**सारंगपुर।** पीएम श्री एमएस ग्रुप शाला सरकारी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ सुरेश विरमाल रहे। मुख्य अतिथि विरमाल ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को मोबाइल के दुष्परिणामों की जानकारी दी और इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल का सीमित व सही उपयोग करने का आह्वान किया। बीईओ विरमाल ने कहा कि पीएम श्री के रूप में चयनित इस स्कूल के सभी बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से लैस बेहतर शिक्षा मुहैया करायी जाएगी।

# अभ्युदय आनंदम विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का मंच

### माधव कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आगाज

प्रभास्त्र ▸▸ उज्जैन




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन अभ्युदय आनंदम् का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभ्युदय आनंदम् आपके व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। साथ ही, यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने की सलाह दी।

कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. वंदना गुप्ता ने कहा कि यह स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। विद्यार्थी जीवन में ही व्यक्तित्व सही आकार लेता है और इस महाविद्यालय में इसके लिए कई बेहतरीन नवाचार हो रहे हैं। वहीं, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारा हौसला ही हमें आगे बढ़ने के लिए तैयार करता हैं दुनिया में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान न हो।

समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिना वासेन ने वंदे मातरम् गीत पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिवाजी जयंती के अवसर पर छात्र विनीत मुकाती ने छत्रपति शिवाजी का रूप धारण कर ओजस्वी प्रस्तुति दी। छात्रा करिश्मा ने क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट के मार्गदर्शन में आकर्षक श्दीप योगश का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, कैप्टन मोहन निमोले के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स और डॉ. नीरज सारवान के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए मार्च पास्ट किया।

### युवाओं के संकल्प से होगा कॉलेज का विकास

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि युवाओं ने जब भी कोई संकल्प लिया है, तो उसे पूरा करके दिखाया है। हमारे विद्यार्थी कॉलेज के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विद्यार्थियों व स्टाफ के निरंतर सहयोग से ही संस्था विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम में अतिथियों का आत्मीय स्वागत प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह के साथ विद्यार्थी ऋषभ कोरट, अखिलेश आस्ते, दिनेश मालवीय, नंदनी दुबे, पायल राठी, साक्षी जाट और दर्शना पंवार ने किया। समारोह का सफल संचालन छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद ने किया।

### पुजारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से किया अनुरोध

# शनिलोक की तर्ज पर 'भर्तृहरि लोक' बनाने की मांग

### ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के सरकारीकरण और पुजारी नियुक्ति की भी उठाई मांग; कहा- राजस्व से होगा पुराने शहर का विकास

प्रभास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री महाकाल लोक के निर्माण से उज्जैन को विश्व पटल पर जो नई धार्मिक और व्यापारिक पहचान मिली है, उसी तर्ज पर अब शहर के अन्य प्राचीन क्षेत्रों के विकास की मांग जोर पकड़ने लगी है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि हालिया बजट में प्रस्तावित 'शनिलोक' की तर्ज पर प्राचीन 'भर्तृहरि गुफा' क्षेत्र का भी विकास कर 'भर्तृहरि लोक' का निर्माण किया जाए।

विरासत से रूबरू होंगे श्रद्धालु, पुरातत्व विभाग को सौंपने की मांग

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी और सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि उज्जैन का पुराना क्षेत्र, विशेषकर भर्तृहरि गुफा परिसर आज भी अविकसित है। यह एक अत्यंत प्राचीन और पुरातात्विक महत्व का स्थान है, जहां प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। महासंघ ने मांग की है कि इस क्षेत्र का सुव्यवस्थित विकास कर इसे पुरातत्व विभाग को सौंप दिया जाना चाहिए। इससे यहां आने वाले लाखों भक्तों को दर्शन के साथ-साथ उज्जैन की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत की जानकारी भी मिल सकेगी। गौरतलब है कि महासंघ द्वारा पुराने उज्जैन के विकास के लिए पूर्व में भी 'भर्तृहरि लोक' बनाने की मांग उठाई जा चुकी है।

महासंघ के पदाधिकारियों ने शहर के अतिप्राचीन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 'ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर' के कायाकल्प का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वहां शासन का कोई अधिकृत पुजारी नहीं है। इसलिए राज्य सरकार को इस मंदिर का अधिग्रहण (सरकारीकरण) कर वहां विधिवत सरकारी पुजारी की नियुक्ति करनी चाहिए।

### हज टीकाकरण कैम्प में हुआ 57 हज यात्रियों का टीकाकरण

**आगर मालवा।** हज पर वही जाते है जिन्हें आका बुलाते है बड़े नसीब वाले होते जो आका के दर पर जाते है ऐसे ही आगर जिले से हज के लिए मक्का-मदीना जाने वाले 57 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। ईदगाह पर हज कमेटी द्वारा आयोजित हज टीकाकरण केम्प में शहर काजी जियाउलहक कुरैशी,त्यौहार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री शाहरुख अहमद,,आशिक हुसैन मंसूरी, मुजफ्फर मुल्तानी,टीपू सुल्तान,,समीर मुल्तानी एवं शुगरा बी सहित जिला अस्पताल की टीम में शामिल डॉ अजहर मुल्तानी,ज्योति रावल,नीलमणि ,शिवानी सूर्यवंशी,वाजिद खान,साजिद खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन शामिल हुए।

# संस्कार और अनुशासन पर जोर, नृत्य प्रस्तुतियों ने मोहा मन और आर्ट प्रदर्शनी रही खास

प्रभास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेंट पॉल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में के.जी.-2 के विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हें बच्चों के प्रार्थना नृत्य और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस गरिमामय समारोह में साक्षरता मिशन (जिला शिक्षा केन्द्र, उज्जैन) के समन्वयक संजय शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदिरा नगर के प्राचार्य विवेक तिवारी, उज्जैन डायसिस के शिक्षा सचिव फादर जॉर्ज थोप्पिल, विद्यालय के मैनेजर फादर जैकब निरप्पल, प्राचार्या सिस्टर विनीता, उप्राचार्या सिस्टर कार्मला और प्री-प्राइमरी की प्रभारी सिस्टर सौम्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को गति दी।

समारोह में छोटे बच्चों ने अपनी मधुर आवाज में स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर विनीता ने स्वागत भाषण देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के जीवन व पालन-पोषण में दादा-दादी की अहम भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा के.जी.-2 के विद्यार्थियों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने पर उपाधि (डिग्री) प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री संजय शर्मा तथा मुख्य अतिथि श्री विवेक तिवारी ने बच्चों को आशीर्वचन दिए और जीवन में निरंतर परिश्रम व अनुशासन का संदेश दिया। फादर जॉर्ज थोप्पिल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों के द्वारा दिए गए संस्कारों तथा विद्यालय के अध्यापकों के परिश्रम के मेल से ही विद्यार्थियों को सही चरित्र निर्माण की शक्ति मिलती है।

# शिक्षा को नई उड़ानः निम्स यूनिवर्सिटी ने की 100 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप की घोषणा

### उज्जैन में आयोजित 'गुरु वंदन' कार्यक्रम में दी जानकारी; मेरिट के आधार पर मिलेगी 15 से 100% तक की छूट

प्रभास्त्र ▸▸ उज्जैन




एशिया की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में शुमार निम्स यूनिवर्सिटी (जयपुर) द्वारा उज्जैन में शिक्षकों के सम्मान में 'गुरु वंदन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर और उत्कृष्ट योगदान देने वाले गुरुजनों को सम्मानित करने के साथ ही, इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से मेधावी विद्यार्थियों के लिए 100 करोड़ रुपए की विशाल छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) योजना की घोषणा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निम्स यूनिवर्सिटी के सहायक निदेशक अतिंदरपाल सिंह ने इस योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पैसों की कमी या आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभावान विद्यार्थी की उच्च शिक्षा की राह में बाधा न बने। इसी दूरगामी सोच के साथ 100 करोड़ रुपए की यह महत्वपूर्ण पहल की गई है।

सहायक निदेशक ने स्पष्ट किया कि यह छात्रवृत्ति योजना केवल उज्जैन या मध्य प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण भारत के विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकते हैं। पात्रता के संबंध में उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी वर्तमान में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं (या सम्मिलित हो रहे हैं) और जिन्होंने 10वीं कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, वे सभी इस योजना के तहत आवेदन करने के पात्र होंगे।

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए निम्स यूनिवर्सिटी द्वारा फरवरी माह से ही प्रवेश परीक्षा (एंट्रेंस एग्जाम) आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन और मेरिट के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को 15 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

## खबर एक नजर...

### पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक 21 को

**मंदसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ, नगर इकाई मंदसौर की मासिक मिलन बैठक कल 21 फरवरी, शनिवार को दोपहर 1.30 बजे स्थानीय डे केयर सेंटर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2025 की सदस्यता राशि की समीक्षा और वर्ष 2026 की सदस्यता प्रगति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर स्मृति नागरिक बैंक के प्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ विभिन्न वित्तीय एवं जनहितकारी विषयों पर सीधा संवाद करेंगे। पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, जिला सचिव चन्द्रकांत शर्मा और नगर अध्यक्ष आनंदीलाल पंड्या सहित अन्य पदाधिकारियों ने नगर की सभी मोहल्ला इकाइयों के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### 300 क्वार्टर देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** पुलिस ने देहरी गेट, हरिजन बस्ती मंदसौर पर चार खाखी रंग की पेटी से 180 क्वार्टर देशी प्लेन शराब व विमल गुटका के थैले से 120 क्वार्टर देशी मशाला शराब पकड़ी। इस प्रकरण में युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट व धारा 132, 121 बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम मंदसौर कोतवाली पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी भारत पिता विनोद निवासी देहली गेट हरिजन बस्ती के विरूद्ध उक्त धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### हाईवे रोड पर सड़क हादसे में दम्पत्ति घायल

**मंदसौर।** पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के महू-नीमच हाईवे रोड़ थड़ोद फंटा पिपलियामंडी पर एक सड़क दुर्घटना में दम्पत्ति घायल हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में वाहन नं. एमपी 14 जेडए 3792 के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा 15 फरवरी की शाम का है। आरोपी वाहन के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी प्रकाश (50) पिता मांगीलाल निवासी थड़ोद की बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार फरियादी और उसकी पत्नी घायल हो गये।

### नीमच जिला मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस बैठक संपन्न

**नीमच।** हर पंचायत तक पहुंच, हर युवा की आवाज बुलंद के लक्ष्य को लेकर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद पटेल ने अपने प्रभार क्षेत्र जिला नीमच की जावद विधानसभा अंतर्गत रतनगढ़ ब्लॉक युवा कांग्रेस की बैठक में सहभागिता की। बैठक में जिला अध्यक्ष मन्नू बन्ना, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, विधानसभा उपाध्यक्ष कमल छपरीबंद, रतनगढ़ ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश जी शर्मा, नानालाल जी, अर्जुन धाकड़ जी, निर्मल पाटीदार जी सहित अन्य युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

**मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में करीब 19 आपराधिक मामले दर्ज थे,**

# संदिग्ध परिस्थितियों में कुख्यात तस्कर भय्यू लाला की मौत, परिजनों ने पुलिस पर लगाया हत्या का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



जिले के सुरजनी गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ 5 हजार रू. के इनामी और 19 गंभीर मामलों के आरोपी भय्यू लाला उर्फ वाहिद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भारी तनाव का माहौल है। गुरूवार को परिजनों ने मामले को लेकर लदूना चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रशासन द्वारा डॉक्टरो की पैनल से पोस्टमार्टम के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त किया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार भय्यू लाला, जो 10 किलो एमडी ड्रग्स मामले में फरार चल रहा था और जिस पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में करीब 19 आपराधिक मामले दर्ज थे, बीती रात अपने घर में मृत पाया गया। भय्यू लाला उर्फ वाहिद के शव को देर रात पुलिस सीतामऊ हास्पिटल लेकर आई। उसके बाद शव को मंदसौर जिला अस्पताल लाया गया।

बताया जा रहा है जब पुलिस टीमें उसकी तलाश में घर पहुंचीं, तो आरोपी संभवतः पुलिस से बचने के लिए घर में रखी एक पेटी में छुप गया था। पेटी में दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई। एडिशनल एसपी हेमलता कुरील ने बताया कि भय्यू लाला पर एनडीपीएस और धारा 307 जैसे 18-19 मामले दर्ज थे। भय्यू लाला के परिजनों की मांग पर डॉक्टरों की पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

दूसरी और एक विडियो अनुसार मृतक की पत्नी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस कर्मियों ने घर में घुसकर भय्यू लाला के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हुई। पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस पिछले कई महीनों से उन्हें धमका रही थी और पैसों की मांग कर रही थी। उसके द्वारा घर से डीवीआर ले जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है और परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों की मांग पर प्रशासन ने पोस्टमार्टम मंदसौर में डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा कराने का निर्णय लिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

### राघव जैन ने गुलमर्ग में रचा इतिहास, बने ऑल इंडिया स्नो स्कीइंग टॉपर

**मन्दसौर।** जिले के 19 वर्षीय युवा पर्वतारोही राघव जैन ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित एडवांस स्नो स्कीइंग कोर्स में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारतीय स्कीइंग और पर्वतारोहण संस्थान द्वारा 31 जनवरी से 13 फरवरी 6 तक आयोजित इस कठिन प्रशिक्षण में राघव ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड्ज हासिल किया। देश भर के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में उन्होंने तीन अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाकर ओवरऑल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। जिला माउंटेनियरिंग संगठन के सदस्य राघव वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में इतिहास के छात्र हैं। इससे पूर्व भी वे नारकंडा (शिमला) में बेसिक और इंटरमीडिएट कोर्स ए ग्रेड के साथ पूर्ण कर चुके हैं। राघव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कलेक्टर अदिति गर्ग, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, डॉ. क्षितिज पुरोहित और संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### तीन जिलों का संयुक्त कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंदसौर में आयोजित होगा

**मन्दसौर।** भारतीय शिक्षण मंडल जिला मंदसौर की संगठनात्मक बैठक में आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें मंदसौर, रतलाम और नीमच जिले का संयुक्त कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंदसौर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री विक्रम सिंह सिसोदिया को मंडल का नया जिला संयोजक मनोनीत किया गया, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दोहराया। संगठन ने आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और ब्लॉक स्तर पर 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है। बैठक में मालवा प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ. क्षितिज पुरोहित और शिक्षक शिक्षा कार्य के संयोजक श्यामसुंदर देशमुख सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवीन सदस्यता लक्ष्य और अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

# होली पर्व की तैयारियों का लिया जायजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



हुसैन टेकरी शरीफ पर २ मार्च से 4 मार्च तक मनाए जाने वाले होली पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सुनील जशवाल सीएसपी युवराज सिंह चौहान तहसीलदार पारस वेश्य ने हुसैन टेकरी कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हकीम( एडवोकेट) व कर्मचारियों के साथ लोकनिर्माण विभाग, नगर पालिका, पी एच ई विभाग, विधुत विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए।

जिसमे विधुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 से 4 मार्च तक विधुत व्यवस्था निरन्तर जारी रखे कटौती न हो ऐसी व्यवस्था बनाये। पी एच ई विभाग स्वच्छ जल प्रदाय की उचित व्यवस्था करे। नगर पालिका अधिकारी साफ सफाई निरन्तर बनाये रखने की व्यवस्था करें। पी डब्ल्यू डी विभाग को हुसैन टेकरी के मुख्य मार्ग को दुरुस्त करने को कहा गया । जायरीनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हुसैन टेकरी पर अस्थाई डिस्पेंसरी की व्यवस्था करे।

इस अवसर पर हुसैन टेकरी कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हाकिम से हुसैन टेकरी पर होली पर्व मनाए जाने की जानकारी दी कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि होली पर दो दिनी विशेष लोभानं होता है। जिसमे करीब 20 से 25 हजार श्रद्धालुओ का मजमा लगता है ।साथ ही ऐसी मान्यता है इस लोभानं से असाध्य रोगी व ऊपरी हवा से पीड़ित लोगों को लाभ होता है ।इस बार लोभानं 2 मार्च से 4 मार्च को सुबह 9 बजे दोपहर 3 बजे चूल वाले खेत बेरिकेटिंग में होगा। 3 मार्च को विशेष लोभानं रात्रि 11 बजे बेरिकेट में होगा।

इस अवसर पर अपने चूल वाले खेत मे लोभानं व्यवस्था के लिए बन रहे बेरिकेटिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सभी विभागों के अधिकारियों एव हुसैन टेकरी कर्मचारियों को निर्देशित किया की हुसैन टेकरी पर होली की व्यवस्था निरन्तर बनाये रखे। यहा आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधाओं का सामना न करना पड़े। इस मोके पर नगर पालिका के सहायक इंजीनियर लोकेश विजय , अभय काठेड़ ,हुसैन टेकरी कार्यपालन अधिकार के अलावा हुसैन टेकरी कर्मचारी बेरिकेट इंचार्ज सय्यद वसीम अली, स्वास्थ्य अधिकारी मंटू उर्फ नासिर अली ,वाटर सप्लायर वजाहत अली, लाइट इंचार्ज ताज मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

### 25 को गरोठ में लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

**मंदसौर।** जिला प्रशासन मंदसौर के तत्वावधान में 25 फरवरी, बुधवार को गरोठ स्थित शासकीय एसएन उदिया महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10 से दोप. 2 बजे तक रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के साथ-साथ रोजगार एवं तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे यूएनओ मिन्डा लिमिटेड, मारुति सुजुकी, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिकल्स, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा और एचडीएफसी फाइनेंस सहित अन्य संस्थाएं साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहेंगी। मेले में मशीन ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सेल्स एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सुरक्षा गार्ड, इंश्योरेंस एडवाइजर और डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, शैक्षणिक योग्यता के तौर पर 8वीं, 10वीं, 12वीं पास से लेकर आईटीआई, स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमाधारी युवा इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं>

# मंगलसूत्र झपटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## एक बदमाश को पति ने दबोचा, पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से पकड़ा दूसरा आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



गंगासागर कॉलोनी में मंगलसूत्र झपटने की घटना सामने आई। यह वारदात सोनाली पति रितेश शर्मा निवासी एमआईजी 40 गंगासागर कॉलोनी के साथ हुई। महिला रात करीब 8.45 बजे अपने पति के साथ कॉलोनी में पैदल टहल रही थी।

शिवजी के मंदिर के सामने टर्न पर पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने महिला के गले में पहने सोने के मंगलसूत्र पर झपटा मारा। झटके से मंगलसूत्र टूट गया और महिला के कपड़ों में गिर पड़ा।

महिला के पति थोड़ी दूरी पर आगे चल रहे थे। जैसे ही महिला ने शोर मचाया, पति तुरंत पीछे दौड़े और बाइक सवारों को पकडने की कोशिश की। इस दौरान एक बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

महिला की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ की गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जांच के दौरान पुलिस ने अन्य सबूत जुटाए। उसी आधार पर संदिग्ध के एक अन्य साथी को भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने मिलकर झपटमारी की घटना करना स्वीकार किया।

### दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार

पुलिस ने आरोपी शिवम उर्फ शिवनारायण (28) पिता तुलसीराम मीणा निवासी बरबड़ और सिकु उर्फ चिकु पिता लक्ष्मण मीणा निवासी ग्राम रुणिया थाना घंटाली जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान), हाल मुकाम बरबड़ रतलाम को गिरफ्तार किया है। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और मिलकर वारदात को अंजाम दे रहे थे।

### बिना नंबर की बाइक जब्त

औद्योगिक थाने के सब इंस्पेक्टर ध्यानसिंह सोलंकी ने बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक भी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य मामलों में भी उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

### आगामी त्योहारों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रहेगा प्रतिबंध

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग और एसपी विनोद कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में आगामी पर्वो को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी त्योहारों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों और डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सामूहिक निर्णय लिया कि होली गेर के दौरान डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरें न फैलाएं और शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव

# जनगणना-2027 के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य को अद्यतन एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करना है।

प्रशिक्षण में भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स श्री सिद्धार्थ गोयल एवं श्री कुलदीप चावड़ा ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा विभिन्न वेब पोर्टलों के संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक जानकारी के अनुसार जिले में जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 के मध्य आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है।

### वेब पोर्टलों से होगा प्रबंधन एवं निगरानी

मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन च्च्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टलज्ज के माध्यम से किया जाएगा, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के जरिए संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान से भी अवगत कराया गया तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर के मार्गदर्शन में जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक,चार्ज अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना के कार्य को गंभीरता से लेकर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूर्ण करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम,संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र बघेल, श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तपीश पांडे, सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार, जिला योजना अधिकारी श्रीमती तारिणी जौहरी सहित जनगणना कार्य हेतु नियुक्त अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार बड़वानी जिले में 20 फरवरी से कक्षा पांचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो रही है। कक्षा 5वीं की परीक्षा 26 फरवरी तक एवं कक्षा 8वीं की परीक्षा 28 फरवरी तक संपन्न होगी। इस परीक्षा के आयोजन हेतु जिले भर में 267 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 2855 शासकीय शालाओं, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त मदरसों एवं अशासकीय शालाओं के कक्षा पांचवी में अध्ययनरत 25728 एवं कक्षा आठवीं में अध्,यनरत 17991 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर से सभी प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण करते हुए केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति उनकी बैठक, उत्तररपुस्तिका एवं प्रश्न पत्र का वितरण, परीक्षा संबंधी समस्त प्रपत्रों का वितरण की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए है। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर से निरीक्षण दल गठित किए गए है। ]

परीक्षा के सुव्य वस्थित संचालन हेतु समस्त केन्द्राध्यक्षों एवं शिक्षकों को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के समस्त निर्देश प्रदान कर दिए गए है। जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इस शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणाम हेतु समस्त शासकीय शालाओं के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कठिन बिन्दुओं पर निदानात्मक कक्षाएं लगाकर एवं साप्ताहिक टेस्ट के माध्यम से परीक्षा की तैयारी कराई गई है। कलेक्टर द्वारा समस्त विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित करने के साथ-साथ शिक्षकों को परीक्षा के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया।



# बुरहानपुर में कुएं की मिट्टी धंसने से बड़ा हादसा, 5 साल की बच्ची की मौत

**बुरहानपुर।** जिले के धूलकोट क्षेत्र के ग्राम बोरी बुजुर्ग में बुधवार शाम सार्वजनिक कुएं के निर्माण कार्य के दौरान अचानक जमीन धंस गई। उस समय मजदूर कुएं के अंदर काम कर रहे थे। देखते ही देखते मिट्टी खिसकी और तीन लोग करीब 50 फीट गहरे कुएं में जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। इस हादसे में एक पांच साल की बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। मृत बच्ची उसी परिवार की सदस्य थी, जिसके अन्य दो लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजन बेसुध हालत में हैं। हादसे में 34 वर्षीय छगन नानसिंग और 7 वर्षीय वैष्णव छगन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत बाहर निकालकर पुलिस वाहन से बुरहानपुर लाया गया। फिलहाल दोनों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना ने गांव में गहरा दुख और चिंता का माहौल बना दिया है, और प्रशासन से जांच एवं राहत की मांग की जा रही है।

# वरिष्ठ नागरिक अपीलीय अधिकरण के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**बुरहानपुर।** वरिष्ठ नागरिक अंसारी बहनों ने वरिष्ठ नागरिक अपीलीय अधिकरण/कलेक्टर बुरहानपुर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट जबलपुर में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट ने कलेक्टर (वरिष्ठ नागरिक अपीलीय अधिकरण), एस.डी.ओ. (वरिष्ठ नागरिक अधिकरण) सहित अब्दुल करीम/मो. अशफाक बंधु को नोटिस के आदेश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता वरिष्ठ नागरिक अंसारी बहनों की ओर से बुरहानपुर के अधिवक्ता श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने उनका पक्ष रखा, जिस पर से मा. हाईकोर्ट ने उक्त आदेश जारी किए। अधिकरण एक अर्द्ध-न्यायिक संस्था है जो प्रशासनिक या कर-संबंधी विवादों को हल करने के लिये स्थापित की जाती है। यह प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम, 1985 के तहत स्थापित किया गया है।

# जनप्रतिनिधियों ने शिवाजी महाराज की जयंती पर किया माल्यार्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर





जिले में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जीजामाता चौराहा स्थित मां साहेब जीजाऊ एवं बाल शिवाजी की प्रतिमा पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, महापौर माधुरी अतुल पटेल, समाजजन एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में भी जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान किया।

### छत्रपति शिवाजी महाराज को शत-शत नमन

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि भारत के अमर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर शत-शत नमन है। उन्होंने उपस्थित समूह को शिवाजी महाराज जी के विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि जो धर्म, सत्य, श्रेष्ठता और परमेश्वर के सामने झुकता है, उसका आदर समस्त संसार करता है। साथ ही जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों में जुटा रहता है, उसके लिए समय स्वयं अनुकूल हो जाता है। सांसद पाटील ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज जी का अदम्य साहस, अद्भुत शौर्य और असाधारण बुद्धिमत्ता देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। वे एक कुशल शासक, योग्य सेनापति और उत्कृष्ट संगठक थे, जिन्होंने सर्वसमावेशी हिंदवी स्वराज की स्थापना हेतु अपना जीवन समर्पित किया। उनका अतुल्य शौर्य और राष्ट्रनिष्ठा सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

# बाग-डेहरी रोड पर दो बाइक की भिड़ंत, पुलिसकर्मी की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

अलीराजपुर के बाग-डेहरी रोड पर गुरुवार तड़के दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अलीराजपुर कोतवाली में तैनात एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान 33 साल के नवल सिंह मंडलोई के रूप में हुई है। वे अलीराजपुर कोतवाली में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि वे अपनी बाइक से अपने पैतृक गांव 'डोई' (बाग के पास) जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। नवल सिंह का परिवार अलीराजपुर में ही रहता था। एक्सीडेंट में दूसरी बाइक चला रहा २१ साल का हिमांशु (निवासी टांडा) बुरी तरह जख्मी हो गया है। उसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। हालत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक इलाज के बाद बड़वानी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे की खबर मिलते ही बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आदिवासी अपना जल,जंगल जमीन नही देगे-उपाध्यक्ष महेश पटेल

**अलीराजपुर।** आदिवासी नेता और आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष महेश पटेल ने बुधवार को धार जिले के कुक्षी के ग्राम खेड़ली में जबरन चुना पत्थर ड्रिल किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा किसी भी कीमत पर आदिवासियों से उनकी जल,जंगल और जमीन को दूर नही होने देंगे उसके लिए कितनी भी बड़ी लड़ाई क्यो नही लड़ना पड़े श्री पटेल ने कहा उनके जिले अलीराजपुर की जोबट विधानसभा जहाँ से सेना महेश पटेल विधायक है उनके डाबड़ी गाँव को भी इसमें जोड़ने की बात है वे अलीराजपुर हो या धार हो किसी भी जिले के आदिवासियों को बेदखल नही होने देंगे इसके लिए आदिवासी विकास परिषद एक बड़ी रणनीति बनाकर ग्रामीणों की बैठकें करेगी और सभी को एक जुट रहकर चुना पत्थर ड्रिल के पुरजोर विरोध का आव्हान महेश पटेल ने किया है।

# आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में मंगल दिवस का आयोजन

**खरगोन।** जिले के आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत मंगल दिवस का आयोजन उत्साह पूर्वक किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊँचाई मापन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों के पोषण स्तर का आकलन कर उन्हें सामान्य, मध्यम कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे समय पर उपचार एवं परामर्श सुनिश्चित किया जा सके। सभी आंकड़ों की प्रविष्टि पोषण ट्रैकर में की जा रही है, जिससे वास्तविक समय में मॉनिटरिंग संभव हो रही है।

इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर (टेक होम राशन) का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि बच्चों एवं गर्भवती/धात्री माताओं को आवश्यक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा सके। यह संपूर्ण गतिविधियाँ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर के मार्गदर्शन एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग भगवानपुरा के निर्देशन में संपन्न हो रही हैं।

# नपा अध्यक्ष व सीएमओ के खिलाफ जमकर कर रहे नारेबाजी

## बीते 4 माह से नपा सनावद में कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



बीते चार माह से सनावद नगर पालिका परिषद के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, सफाई कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है बीते दिनों कर्मचारियों ने सीएमओ व अध्यक्ष को आवेदन देकर अवगत कराया था कि यदि दो दिन में वेतन नहीं दिया जाएगा तो समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे,कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि हर माह उनकी तनख्वाह से पीएफ की राशि काटी जा रही है, लेकिन वह उनके खातों में जमा नहीं की जा रही।कर्मचारियों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। लगातार अनदेखी से नाराज कर्मचारियों ने मजबूर होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।वाल्मीकि कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि अजय शिंदे ने बताया कि कर्मचारियों ने अधिकारियों से कम से कम दो-दो माह का वेतन एक साथ जारी करने की मांग की थी, लेकिन हाल ही में केवल एक माह का वेतन ही डाला गया।

उन्होंने कहा कि चार माह से चले आ रहे कर्ज और आर्थिक संकट के बीच एक माह की तनख्वाह कर्मचारियों के लिए पर्याप्त नहीं है, जिससे परेशानियां और बढ़ गई हैं।वहीं नगर पालिका कर्मचारी मीना बाई शिंदे ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि छोटे कर्मचारियों का घर-परिवार सीमित आय पर चलता है। उन्होंने कहा कि दो-दो माह का वेतन एक साथ मिलने से कुछ राहत मिल सकती थी, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।



## गोविंदा बदलते हैं तो मैं माफ कर दूंगी

**एक्टर की पत्नी सुनीता आहूजा बोलीं- 40 साल का प्यार है, लेकिन अब दिल मजबूत है**

गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा अक्सर अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। कभी दोनों के तलाक की खबरें सामने आती हैं तो कभी इन्हें अफवाह बताया जाता है। अब हाल ही में सुनीता ने अपने नए व्लॉग में एक बार फिर गोविंदा के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। इस बार उन्होंने उन्हें माफ करने को लेकर भी रिएक्शन दिया।

जब सुनीता से पूछा गया कि क्या उनकी माफी की लिस्ट में गोविंदा का नाम है, तो उन्होंने जवाब दिया, कुछ कहा नहीं जा सकता। वह मेरे बचपन का प्यार हैं। अगर वह बदल जाते हैं और मेरे नियमों के मुताबिक जीवन जीते हैं तो मैं उन्हें माफ कर दूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह खबरों में आने वाली हर बात पर ध्यान नहीं देना चाहतीं। यह वह उम्र नहीं है जब मैं इतना तनाव झेल सकूं। मैं मेनोपॉज से गुजर रही हूं। इस समय पति और बच्चों के सपोर्ट की जरूरत होती है, दबाव की नहीं। सुनीता ने आगे कहा कि गोविंदा अपनी मां से डरते थे, लेकिन उनके निधन के बाद वह ज्यादा बेफिक्र हो गए। अब वह किसी से नहीं डरते और जो चाहते हैं वही करते हैं। उनकी संगत भी अच्छी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कई लोगों ने उनकी मासूमियत का फायदा उठाया। मैंने बहुत कुछ सहा है, लेकिन अब और नहीं। मैंने अपनी अलग पहचान बना ली है। 40 साल का रिश्ता रातोंरात नहीं टूटता, इसलिए मैं इमोशनल रहूंगी। लेकिन अब मेरा दिल मजबूत हो गया है। मैं हमेशा सच बोलती हूं। सुनीता ने महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। जब मेरे ससुराल वाले आसपास होते थे तो मैं चुप रहती थी, क्योंकि मैं उनका सम्मान करती थी। लेकिन अब जब गोविंदा और मैं दोस्त हैं, तो मैं क्यों चुप रहूं या डर में जीऊं।

# थाने पहुंची हरियाणवी कलाकारों की कन्ट्रोवर्सी

**जीजा जी' सॉन्ग पर विवाद, सिंगर मीता बोले-बिग बॉस ऑफर के लिए कर रही, सोनिका ने गंदा आदमी बताया**





हरियाणवी सिंगर अमित खासा उर्फ मीता बरोदा और मॉडल सोनिका सिंह का विवाद अब थाने तक पहुंच गया है। सोनिका सिंह का कहना है कि लगातार हो रही बदनामी से परेशान होकर उन्होंने पुलिस में शिकायत दी है।

बता दें कि दोनों स्टॉर्स के बीच 'जीजा जी' सॉन्ग को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। दोनों ने सॉन्ग की ऑनरशिप, यू-ट्यूब इनकम को लेकर अपना दावा कर रहे हैं।

जीजा जी सॉन्ग करीब एक साल पहले आजाद सिंह खांडा खेड़ी की रागनी का मॉडिफाई वर्जन था। सिंगर मीता बरोदा का कहना है कि आजाद सिंह से परमिशन लेने के बाद ही उन्होंने इस गाने को रिकॉर्ड किया था।

मीता बरोदा ने कहा- सोनिका बेवजह कन्ट्रोवर्सी को लंबा खींच रही है। उन्हें बिग बॉस में जाना है। इसीलिए कॉन्ट्रोवर्सी कर रही है।

**सिंगिंग और प्रोडक्शन का काम खुद किया:** सिंगर मीता बरोदा के अनुसार, करीब एक साल पहले उन्होंने कलाकार आजाद सिंह खांडा खेड़ी की रागनी के बेस पर जीजा जी गाना रिकॉर्ड किया था। सॉन्ग की सिंगिंग और प्रोडक्शन से जुड़ा काम उन्होंने खुद किया था। वहीं इस प्रोजेक्ट में उनके साथ सोनिका सिंह भी काम कर रही थी।

**खुद के चैनल रिलीज करना था सॉन्ग:** मीता के अनुसार, सॉन्ग में सोनिका लीड एक्ट्रेस थी। मुझे ये सॉन्ग अपने चैनल पर रिलीज करना था, लेकिन फ्रेंडशिप के चलते इस सॉन्ग को सोनिका के चैनल पर भी रिलीज करने की परमिशन दे दी। उस समय डील हुई थी कि सॉन्ग से कमाए गए रुपयों को दोनों के बीच आधा-आधा बांट लिया जाएगा।

**किसी अन्य मेल मॉडल को हायर किया:** मीता ने आगे बताया कि इस सॉन्ग के वीडियो डिपॉर्टमेंट की जिम्मेदारी सोनिका को दी गई थी, लेकिन मेल ऑर्टिस्ट के तौर पर मुझे खुद काम करना था। मगर सोनिका ने मेरी जगह वीडियो में एक अन्य मॉडल को हायर कर लिया।



**मौखिक समझौते की बात:** सोनिका सिंह का कहना है कि उन्होंने पहले भी कई गाने के बदले मॉडलिंग फीस नहीं ली थी। उनके अनुसार डील यह थी कि वे फीचरिंग करेंगी और मीता की साइड से ऑडियो मिलेगा। यह एक जुबानी समझौता था। हमने पहले भी ऑडियो के बदले एक्टिंग करने का काम साथ में मिलकर किया है।

**तीन गानों की वीडियो बिना पैसे की:** सोनिका ने कहा कि मैंने बिना पेमेंट के मीता के तीन गानों की वीडियो की है। क्योंकि बदले में ऑडियो मीता बरोदा करता था। जीजा जी सॉन्ग को लेकर भी यही करार हुआ था। 2025 में कलाकारों की बैठक में यह तय हुआ कि दोनों अपने-अपने चैनल पर गाना रिलीज करेंगे और एक-दूसरे को स्ट्राइक नहीं देंगे।



## उदयपुर जेल में बंद बॉलीवुड डायरेक्टर विक्रम भट्ट को जमानत

**सुप्रीम कोर्ट का सुझाव- समझौते से सुलझाएं मामला, 30 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप**

फिल्म बनाने के नाम पर 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में बॉलीवुड डायरेक्टर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दोनों को नियमित जमानत (रेगुलर बेल) दे दी।

विक्रम भट्ट के आज शाम तक उदयपुर जेल से बाहर आने की संभावना है। इससे पहले 13 फरवरी को श्वेतांबरी भट्ट को अंतरिम जमानत दी गई थी। वह जेल से बाहर आ चुकी हैं। विक्रम भट्ट को 7 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया था।

**कोर्ट का सुझाव- आपसी समझौते से सुलझाएं मामला-** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सुझाव भी दिया है। कोर्ट ने दोनों ही पक्षों को मिडिएशन सेल (मध्यस्थता केंद्र) में जाने को कहा है। कोर्ट का मानना है कि दोनों पक्षों को वहां उपस्थित होकर आपसी समझौते से इस मामले को सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए।

**कोर्ट ने कहा- यह कमर्शियल विवाद है-** विक्रम भट्ट के वकील कमलेश दवे ने कोर्ट में अपनी दलील पेश की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह एक तरह का कमर्शियल डिस्प्यूट (व्यापारिक विवाद) है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि इस मामले को मुंबई कोर्ट ट्रांसफर करने के लिए बेवजह मजबूर न किया जाए। भट्ट के वकील तर्क दिया कि इस फिल्म और प्रोजेक्ट से जुड़े ज्यादातर वेंडर और लोग मुंबई के ही रहने वाले हैं। ऐसे में मामले की कानूनी बारीकियों को समझते हुए कोर्ट ने जमानत की अर्जी स्वीकार कर ली।

**उदयपुर पुलिस मुंबई से पकड़कर लेकर आई थी-** 7 दिसंबर को उदयपुर डीएसपी छगन राजपुरोहित की 6 सदस्यीय टीम ने मुंबई पहुंचकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को उनके जुहू स्थित गंगाभवन कॉम्प्लेक्स के फ्लैट से गिरफ्तार किया था। यहां भट्ट के सुरक्षा गार्डों ने पुलिस को रोका भी था। सुरक्षा गार्डों ने पुलिस से कहा था कि साहब व उनकी पत्नी घर पर नहीं हैं। हालांकि पुलिस को हकीकत पता थी और दोनों गिरफ्तार कर लिए गए थे।

**रिहाई के बाद राजपाल यादव ने लगाई काम की गुहार**

# मुझे अच्छे रोल्स की तलाश है, जो फीस तय करेंगे, उसमें काम करूंगा

राजपाल यादव को दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस मामले में 30 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है। जेल से बाहर आने के बाद एक्टर ने सभी का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से काम की अपील भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें एक बार फिर अच्छे रोल देकर उनका साथ दिया जाए।

राजपाल यादव ने इंडिया टीवी से बातचीत के दौरान सबसे पहले उन्हें मिले समर्थन के लिए लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, आपके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। बच्चों से लेकर अलग-अलग पीढ़ियों के लोगों तक मुझे इंडियन सिनेमा में अपने पूरे सफर में बहुत प्यार मिला है और मैं इसके लिए सभी का बहुत शुक्रगुजार हूं।



राजपाल यादव ने कहा, मुझे इंडस्ट्री में अच्छे रोल्स की जरूरत है। जिन लोगों ने पहले मेरी मदद की है, मेरा साथ दिया है, मैं उनसे रिक्वेस्ट करता हूं कि वे एक बार फिर उन रोल में मेरी मदद करें जो मैं करना चाहता हूं। इसके लिए जो भी फीस वो लोग तय करेंगे मैं काम करने के लिए तैयार हूं। मैं हर एक आशीर्वाद की वजह से आगे बढ़ा हूं। मैं उन लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर मेरा साथ दिया और मैं उन लोगों का भी शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने मेरी बुराई की।

### क्यों जेल में बंद थे राजपाल यादव?

- साल 2010 में राजपाल यादव ने फिल्म अता पता लापता बनाने के लिए प्राइवेट कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। ये फिल्म फ्लॉप रही और राजपाल यादव को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा।
- राजपाल समय रहते कर्ज की रकम नहीं लौटा सके। लोन लेते समय राजपाल ने जो चेक कंपनी को दिए थे वो बाउंस हो गए, जिसके बाद एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई। दोनों पार्टी के बीच समझौते के बावजूद पूरी पेमेंट नहीं हुई और समय के साथ ब्याज जुड़ता गया, जिससे कुल कर्ज काफी बढ़ गया।
- साल 2018 में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने राजपाल यादव को दोषी ठहराया और उन्हें छह महीने की जेल की सजा सुनाई। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में अपील की, जहां उन्हें कई बार राहत मिली, क्योंकि उन्होंने भुगतान और समझौते का भरोसा दिया था।
- हालांकि, फरवरी की शुरूआत में दिल्ली हाई कोर्ट ने एक्टर को पूर्व में दी गई रियायतों और समय सीमा को बढ़ाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने उन्हें 4 फरवरी तक सरेंडर करने का आदेश दिया था, जिसके बाद उन्होंने 5 फरवरी को शाम लगभग 4 बजे आत्मसमर्पण किया।

सुपर-8 टीमों के खिलाफ भारत का टी-20 प्रदर्शन

# वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप में भारी पड़ा

## साउथ अफ्रीका को पिछला फाइनल हराया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के बाद 8 टीमें सेकेंड राउंड में पहुंच चुकी हैं। यहां 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के ग्रुप में रखा है। विंडीज को छोड़कर बाकी दोनों टीमों के खिलाफ भारत का वर्ल्ड कप रिकॉर्ड अच्छा है।

**साउथ अफ्रीका को पिछला फाइनल हराया-** सुपर-8 स्टेज में टीम इंडिया का पहला मैच 22 फरवरी को साउथ अफ्रीका से होना है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमों ने 8 टी-20 खेले, 6 में भारत और महज 2 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में दोनों टीमें 7 बार भिड़ीं, 5 में भारत और 2 में ही साउथ अफ्रीका जीत सका। टीम इंडिया ने 2014 के सेमीफाइनल और 2024 के फाइनल में प्रोटियाज टीम को ही हराया था। ओवरऑल टी-20 में भी भारत ने साउथ अफ्रीका को 60% मैच हराए हैं।



**जिम्बाब्वे ने चैंपियन बनने के बाद हराया-** टीम इंडिया का दूसरा मैच 26 फरवरी को जिम्बाब्वे से होना है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से ही शुरू होगा। 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर ही गई। जहां होम टीम ने पहले ही मुकाबले में भारत को 102 रन पर समेटकर 13 रन से मुकाबला जीत लिया। हालांकि, सीरीज 4-1 से भारत के नाम रही। टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें इकलौती बार 2022 में भिड़ी थीं। मेलबर्न में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल की फिफ्टी के सहारे 186 रन बना दिए। जवाब में जिम्बाब्वे 115 रन ही बना सका। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 13 टी-20 हुए, महज 3 में जिम्बाब्वे को जीत मिल सकी।

**वेस्टइंडीज 2016 का सेमीफाइनल हरा चुका-** टीम इंडिया का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह मुकाबला भी शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पिछले वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमें एक बार भी नहीं भिड़ीं, दोनों टीमें 2024 के क्ळउ टूर्नामेंट में भी आमने-सामने नहीं हो सकी थीं। भारत ने वेस्टइंडीज को ओवरऑल 63% टी-20 मैच हराए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का पलड़ा ही भारी रहा। आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों टीमें 2009 में पहली बार भिड़ी थीं, तब लॉर्ड्स में भारत 7 विकेट से हार गया। 2010 में भी विंडीज 14 रन से जीता। भारत को इकलौती जीत 2014 में मिली, तब टीम 7 विकेट से जीती थी। दोनों टीमें 2016 में मुंबई के मैदान पर सेमीफाइनल में भी आमने-सामने हुईं। भारत ने विराट कोहली के 89 रन की मदद से 192 रन बनाए, विंडीज ने 2 गेंदें बाकी रहते हुए 7 विकेट से मुकाबला जीता और भारत को बाहर कर दिया।

**सभी टेबल टॉपर भारत के ग्रुप में-** सुपर-8 से पहले ग्रुप स्टेज में 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत ग्रुप-ए में सभी मैच जीतकर टॉप पर रहा। टीम इंडिया के सुपर-8 ग्रुप में शामिल जिम्बाब्वे ग्रुप-बी, वेस्टइंडीज ग्रुप-सी और साउथ अफ्रीका ग्रुप-डी में सभी मैच जीतकर नंबर-1 पर रहा। यानी टीम इंडिया के ग्रुप-1 में सभी अजेय टीमें हैं। दूसरी ओर ग्रुप-2 में शामिल श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 1-1 हार जरूर मिली।

**ईशान भारत के टॉप रन स्कोरर-** इस टी-20 वर्ल्ड कप में ईशान किशन ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 176 रन बनाए हैं। वे पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत चुके हैं। उनके बाद सूर्यकुमार यादव ने 162 रन बनाए हैं, जिन्होंने अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में 84 रन की मैच विनिंग पारी खेली थी।

**चक्रवर्ती टीम इंडिया के टॉप विकेट टेकर-** टूर्नामेंट में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 9 विकेट लिए हैं। उन्होंने महज 5.16 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, वे आईसीसी की टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज भी हैं। उनके बाद अक्षर पटेल ने 6 और हार्दिक पंड्या ने 5 विकेट लिए हैं।

सुपर-8 के मैचों का पूरा शेड्यूल

# 21 फरवरी से शुरूआत तीन डबल हेडर होंगे

## भारत 22 फरवरी को साउथ अफ्रीका से खेलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› जोहान्सबर्ग

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की सुपर-8 टीमें तय हो चुकी है। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने अगले दौर में प्रवेश किया है। लेकिन, इन टीमों के मुकाबले कब और कहां होंगे? किस टीम को कौन से ग्रुप में रखा गया है और उसका मैच कब होगा।

इस टूर्नामेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। 5-5 टीमों को 4 अलग ग्रुप में बांटा गया। 36 मैच खत्म होने के बाद ही अगले राउंड की 8 टीमें तय हो गईं। गुरुवार को 3 मैच खेले गए, लेकिन इनसे सुपर-8 पर कोई फर्क नहीं पड़ा। आज ऑस्ट्रेलिया-ओमान आखिरी ग्रुप मैच खेलेंगे, लेकिन सुपर-8 पर इसका भी कोई असर नहीं होगा।

**सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने वालीं 8 टीमें-** सुपर-8 में 12 मैच होंगे, 3 दिन डबल हेडर सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बनेंगे। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें अगले राउंड में एंट्री करेंगी। सुपर-8 स्टेज में 22 और 26 फरवरी के साथ 1 मार्च को 2-2 मैच खेले जाएंगे। 20 से 28 फरवरी तक बाकी दिन 1-1 मैच ही होगा। 4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की तो उसके सभी मैच कोलंबो में होंगे।

**सुपर-8 के मैचों का पूरा शेड्यूल-** पाक-न्यूजीलैंड के बीच पहला ग्रुप स्टेज मैच 7 फरवरी से शुरू हुए टूर्नामेंट के सुपर-8 स्टेज की शुरुआत 21 फरवरी से होगी। पहला मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का मुकाबला खेला जाएगा। ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड के अलावा, इंग्लैंड और श्रीलंका ने भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत का पहला मैच साउथ अफ्रीका से टीम इंडिया 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से पहला मैच खेलेगी। टीम फिर 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज से होगा। ग्रुप स्टेज में 12 टीमें बाहर टूर्नामेंट में 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया था। ग्रुप-ए से टीम इंडिया और पाकिस्तान ने क्वालिफाई कर लिया।

# जिम्बाब्वे ने लगातार दूसरे वर्ल्ड चैंपियन को हराया

ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबो

जिम्बाब्वे ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरे मैच में वर्ल्ड चैंपियन टीम को मात दी है। उसने गुरुवार को कोलंबो में 2014 की वर्ल्ड चैंपियन श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। टीम ने 13 फरवरी को 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराया था।

अब सुपर-8 में टीम का पहला मैच 23 फरवरी को मुंबई में वेस्टइंडीज से होगा। इसके बाद 26 फरवरी को भारत से चेन्नई में मुकाबला होगा। सुपर-8 में जिम्बाब्वे का आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में साउथ अफ्रीका से होगा। जिम्बाब्वे क्ळउ रैंकिंग में 11वें नंबर पर है। इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ने 7 पॉइंट्स के साथ ग्रुप इ को टॉप किया है। श्रीलंका 6 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहा। 179 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। ओपनर ब्रायन बेनेट ने महीश तीक्षणा की बॉल पर चौका मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 48 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। बेनेट ने 8 चौके लगाए। उनके अलावा, कप्तान सिकंदर रजा ने 45 और तदिवानाशे मारुमनी ने 34 रन का योगदान दिया।





**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### राष्ट्रीय राजधानी में

# धातुओं की कीमतों में उछाल



## चांदी 7% तो सोने की कीमत भी 1.24% बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को चांदी 7% बढ़कर 2.64 लाख रुपये प्रति किलो और सोना 1.24% बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अमेरिका-ईरान तनाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग इसे पीछे कारण बताया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को कीमती धातुओं की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। चांदी की कीमत 7 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 2.64 लाख रुपये प्रति किलो हो गई, जबकि सोने की कीमत 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, यह तेजी वैश्विक बाजार में मजबूत रुझान और अमेरिका व ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने के कारण आई है।

स्थानीय बाजार में चांदी की कीमत 18,000 रुपये यानी 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,64,000 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गई। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,950 रुपये यानी 1.24 प्रतिशत बढ़कर 1,58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बुधवार को सोने की कीमत 1,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 77.97 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, जबकि सोना मामूली बढ़त के साथ 4,991.24 डॉलर प्रति औंस पर था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक, सौमिल गांधी ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी अमेरिका और ईरान के बीच संभावित सैन्य कार्रवाई की अफवाहों के कारण सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से आई है।

### मंत्री वैष्णव बोले- एआई के लिए यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म बनाएंगे

# 200 से ज्यादा अरब डॉलर निवेश की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि अगले दो वर्षों में भारत के एआई और डीप-टेक क्षेत्र में 200 अरब डॉलर से अधिक निवेश आने की उम्मीद है। सरकार 'एआई का यूपीआई' नाम से एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म विकसित करेगी, जिस पर कंपनियां और डेवलपर्स अक समाधान बना सकेंगे।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि भारत के एआई और डीप-टेक इकोसिस्टम में वैश्विक निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। अगले दो वर्षों में देश में 200 अरब डॉलर से अधिक निवेश आने की उम्मीद है।

**एआई का यूपीआई बनाने की योजना का एलान-** समिट के दौरान वैष्णव ने 'एआई का यूपीआई' बनाने की योजना का भी एलान किया, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद तकनीकी समाधानों के समूह के रूप में बताया। उनके अनुसार यह एक यूपीआई जैसी ओपन प्लेटफॉर्म व्यवस्था होगी, जिस पर डेवलपर्स और कंपनियां विभिन्न एआई समाधान तैयार कर सकेंगी।

**एनवीडिया के सीईओ को लेकर वैष्णव ने क्या बताया-** एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग के समिट में शामिल न होने पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपनी अनुपस्थिति को अनिवार्य कारणों से जोड़ा है और अपनी जगह एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजा है। उन्होंने कहा कि एनवीडिया भारतीय कंपनियों के साथ एआई क्षेत्र में बड़े निवेश पर काम कर रही है।

**एआई स्टैक की पांचों लेयर्स का किया जिक्र-** वैष्णव ने बताया कि एआई स्टैक की पांचों लेयर्स इंफ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूट, डेटा, मॉडल और एप्लिकेशन में निवेश की संभावनाएं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि निवेश के साथ-साथ वेंचर कैपिटल द्वारा डीप-टेक फंडिंग और भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना भी वैश्विक रुचि के प्रमुख कारण हैं।



### दुनियाभर के सीईओ भारत की तरह देख रहें

- उन्होंने यह भी बताया कि दुनिया भार के सीईओ विशेष रूप से भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े पैमाने पर समाधान विकसित करने की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं।
- समिट को लेकर युवाओं और शोधकताओं में भारी उत्साह देखने को मिला है। वैष्णव के अनुसार 3 लाख से अधिक युवा, शोधकर्ता और छात्र इस कार्यक्रम के लिए पंजीकृत हुए हैं और अधिकांश सत्र पूरी तरह भरे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई का उपयोग अर्थव्यवस्था और समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए किया जाना चाहिए, साथ ही तकनीक से होने वाले संभावित नुकसान को नियंत्रित करना भी जरूरी है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण भारत में जनसंख्या स्तर पर तकनीकी समाधानों का विस्तार तेजी से संभव है, जिससे एआई का प्रसार और उपयोग और तेज होगा।

**एआई के संभावित दुरुपयोग को रोकने पर मंथन-** इससे पहले वैष्णव ने बताया था कि 30 देशों के मंत्रियों के साथ मीडिया क्षेत्र में एआई के संभावित दुरुपयोग को रोकने पर गंभीर मंथन हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि डीपफेक और सिंथेटिक कंटेंट लोकतंत्र, रचनात्मक उद्योग और सूचना की विश्वसनीयता के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं, इसलिए इनके नियंत्रण और जिम्मेदार उपयोग पर वैश्विक स्तर पर सहयोग आवश्यक है।

### बकाया भुगतान विवाद पर

# स्पाइसजेट के लिए बांग्लादेश का एयरस्पेस बंद




## लंबा रूट लेने को मजबूर उड़ानें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश ने स्पाइसजेट की मुश्किलें बढ़ा दी है। बकाया भुगतान का हवाला देकर बांग्लादेश ने अपने एयरस्पेस स्पाइसजेट के लिए बंद कर दिया है। आइए विस्तार से जानते हैं।

बांग्लादेश ने कथित बकाया भुगतान न चुकाने के कारण बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग से रोक दिया है। सूत्रों के मुताबिक, एयरस्पेस उपलब्ध न होने के चलते कोलकाता से गुवाहाटी और इम्फाल जाने वाली कुछ उड़ानों को अब लंबा रूट अपनाना पड़ रहा है। हालांकि, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि एयरलाइन संबंधित प्राधिकरणों के साथ नेविगेशन शुल्क समेत संचालन और प्रक्रियागत मुद्दों पर नियमित संवाद में है। उन्होंने इसे उद्योग से जुड़े सामान्य मुद्दे बताते हुए कहा कि जल्द समाधान की दिशा में रचनात्मक तरीके से काम किया जा रहा है और निर्धारित उड़ान सेवाएं नियमों के अनुसार जारी हैं।

**बकाया की प्रकृति और राशि के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं-** सूत्रों का कहना है कि बकाया राशि के भुगतान न होने के कारण यह कदम उठाया गया है, हालांकि बकाया की प्रकृति और राशि के बारे में तत्काल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं, फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के अनुसार स्पाइसजेट की कुछ उड़ानें बांग्लादेशी एयरस्पेस से बचते हुए वैकल्पिक और लंबा मार्ग अपना रही हैं। इस बीच, बीएसई में दोपहर के कारोबार के दौरान स्पाइसजेट के शेयर में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने हाल ही में दिसंबर 2025 तिमाही में 269.27 करोड़ रुपये का घाटा भी दर्ज किया था, जिसका कारण बढ़ती लागत और एकमुश्त खर्च बताए गए।

### दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट कर दिया

# स्पेक्ट्रम पर टेलीकॉम कंपनियों का मालिकाना हक नहीं सरकार ही असली स्वामी : सुप्रीम कोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट कर दिया है कि टेलीकॉम स्पेक्ट्रम किसी निजी कंपनी की संपत्ति नहीं बल्कि एक संप्रभु राष्ट्रीय संसाधन है, जिसका स्वामित्व केंद्र सरकार के पास है। अदालत ने कहा कि स्पेक्ट्रम समुदाय का भौतिक संसाधन है और इसका उपयोग आम भलाई के लिए होना चाहिए। टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को केवल इसके उपयोग का लाइसेंस मिलता है, मालिकाना हक नहीं।

न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि स्पेक्ट्रम को दिवाला या परिसमापन प्रक्रिया के तहत संपत्ति की तरह नहीं देखा जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब तक स्वामित्व का विधिवत हस्तांतरण न हो, तब तक किसी प्रकार का मालिकाना अधिकार उत्पन्न नहीं होता।

पीठ ने कहा कि एक ओर केंद्र सरकार स्पेक्ट्रम की स्वामी और न्यासी है, वहीं दूसरी ओर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानी ट्राई नियामक की भूमिका निभाता है। दोनों मिलकर दूरसंचार क्षेत्र के पूरे दायरे को नियंत्रित करते हैं। अदालत ने कहा कि इस संरचना को देखते हुए यह मानना गलत होगा कि टेलीकॉम कंपनियों को स्पेक्ट्रम पर स्वामित्व अधिकार प्राप्त है।

मामला एयरसेल से जुड़ी दिवाला कार्यवाही से संबंधित था। एयरसेल ने घरेलू बैंकों से लगभग 13,729 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। कंपनी के बकाया चुकाने में विफल रहने के बाद भारतीय स्टेट बैंक सहित कई ऋणदाताओं ने दूरसंचार विभाग द्वारा आवंटित स्पेक्ट्रम पर दावा जताते हुए अपनी रकम की वसूली की मांग की थी। उनका तर्क था कि स्पेक्ट्रम लाइसेंस कंपनी की परिसंपत्ति का हिस्सा है और इसे दिवाला प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए।



- सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि स्पेक्ट्रम लाइसेंस में भले ही हस्तांतरणीयता और विशिष्ट उपयोग जैसे तत्व हों, लेकिन इससे स्वामित्व स्थापित नहीं होता। अदालत ने कहा कि लाइसेंसधारी को केवल सीमित अधिकार प्राप्त होते हैं, जो नियामक शर्तों और सरकारी नियंत्रण के अधीन होते हैं।
- न्यायमूर्ति नरसिम्हा, जिन्होंने फैसला लिखा, ने कहा कि किसी टेलीकॉम कंपनी द्वारा अपने वित्तीय विवरण में स्पेक्ट्रम लाइसेंस को अमूर्त संपत्ति के रूप में दर्शाना स्वामित्व का प्रमाण नहीं माना जा सकता। यह केवल भविष्य में संभावित आर्थिक लाभों पर नियंत्रण को दर्शाता है, न कि शीर्षक या स्वामित्व को।

### इंफोसिस और एंथ्रोपिक की साझेदारी

# अलग-अलग उद्योगों के लिए एआई समाधान बनाएंगी दोनों कंपनियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंफोसिस ने एंथ्रोपिक के साथ साझेदारी कर एंटरप्राइज एआई सॉल्यूशंस विकसित करने का ऐलान किया है, जिससे टेलीकॉम, फाइनेंशियल सर्विसेज, मैन्युफैक्चरिंग और सॉफ्टवेयर क्षेत्रों में ऑटोमेशन और काम की गति बढ़ेगी। भारत की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत दोनों कंपनियां सॉफ्टवेयर, मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और टेलीकम्युनिकेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए उन्नत एंटरप्राइज एआई समाधान विकसित और डिलीवर करेंगी।

**इस साझेदारी में क्या है खास-** कंपनी के बयान के अनुसार, इस साझेदारी में इंफोसिस के एआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म 'टोपाज' को एंथ्रोपिक के क्लाउडे मॉडल (क्लाउडे कोड सहित) के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे जटिल वर्कफ्लो का ऑटोमेशन, सॉफ्टवेयर डिलीवरी की गति में वृद्धि और विभिन्न उद्योगों के लिए एजेंटिक एआई सॉल्यूशंस का विकास संभव होगा।

साझेदारी की शुरूआत टेलीकम्युनिकेशन क्षेत्र में एक समर्पित एंथ्रोपिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से होगी। यह केंद्र उद्योग-विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप एआई एजेंटों के निर्माण और तैनाती पर काम करेगा।

आगे चलकर इस पहल का विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज, मैन्युफैक्चरिंग और सॉफ्टवेयर विकास जैसे क्षेत्रों में भी किया जाएगा।

इंफोसिस के मुताबिक, सर्विसेज सेक्टर में एआई एजेंट जोखिम पहचान, अनुपालन रिपोर्टिंग के ऑटोमेशन और ग्राहकों के साथ अधिक व्यक्तिगत इंटरैक्शन स्थापित करने में मदद करेंगे।

वहीं, मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग में क्लाउडे आधारित एआई उत्पाद डिजाइन और सिमुलेशन की प्रक्रिया को तेज करेगा, जिससे अनुसंधान एवं विकास का समय कम होगा और उत्पादन से पहले अधिक डिजाइन वर्जन का परीक्षण संभव हो सकेगा।

## भागवत जिस वंदे भारत से मेरठ पहुंचे, उस पर पथराव: खिड़की का शीशा टूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत जिस वंदे भारत एक्सप्रेस से मेरठ पहुंचे, उस पर हरदोई में पथराव किया गया। पत्थरबाजी से ट्रेन की एक खिड़की का शीशा टूट गया। घटना गुरुवार दोपहर करीब 3.20 बजे हुई, जब ट्रेन दिल्ली की ओर जा रही थी। संघ प्रमुख सुरक्षित हैं। ट्रेन पर पथराव किसने किया? इसकी जांच हरदोई GRP कर रही है। GRP दो कारण मान रही है। पहला- बच्चे ट्रैक के पास क्रिकेट खेल रहे थे, बॉल लगने से ऐसा हुआ। दूसरा- शरारती बच्चे ने ट्रेन पर पत्थर फेंके होंगे।

मोहन भागवत रात 9 बजे मेरठ स्टेशन पर सिक्योरिटी के बीच उतरे। वह शताब्दीनगर के माधवकुंज में ठहरे हैं। यहां वे 20 और 21 फरवरी को दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। 28 जिलों के प्रबुद्धजनों से बातचीत करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों से उनके सामाजिक अनुभवों को लेकर बातचीत भी कर सकते हैं।

कोच C4 में सवार थे मोहन भागवत वाराणसी से मेरठ तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर में 1.50 बजे लखनऊ के प्लेट फार्म नंबर चार से मेरठ के लिए रवाना हुई। ट्रेन हरदोई में कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव के पास बलोखर फाटक के पास पहुंची थी, तभी एक कोच की खिड़की पर जोरदार पत्थर आकर लगा। तेज आवाज के साथ शीशा चटक गया। अंदर बैठे यात्रियों में खलबली मच गई। उस वक्त 3.20 बज रहे थे। मोहन भागवत ट्रेन के कोच नंबर ए1 में सवार थे।

ट्रेन स्टॉफ ने तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस सबसे पहले मौके पर पहुंची। हालांकि ट्रेन वहां से गुजर चुकी थी। GRP और RPF की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की गई है। GRP मान रही है कि कुछ बच्चों ने ट्रेन पर शरारत में पत्थर फेंके, हालांकि इससे वंदे भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मेरठ में डिफेंस कॉलोनी की रहने वाली सुनीता भी उसी वंदे भारत एक्सप्रेस से बैठी थीं, जिसमें मोहन भागवत थे। सुनीता ने बताया, जब उन्हें पता चला कि उनकी ट्रेन में सरसंघचालक मोहन भागवत भी हैं तो वह उनसे मिलने गईं। भागवत ए1 कोच में बैठे थे।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-फ्री खाना मिलेगा तो लोग काम क्यों करेंगे:

# मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी; सरकारें रोजगार दें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए।


कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था।

CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं।

आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सबकुछ मुफ्त मिल जाएगा तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं?

अचानक चुनाव के आस-पास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा?

हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है?



कुछ राज्य घाटे में होकर भी फ्री में चीजें बांट रहे, आखिर पैसा कहां से आ रहा है?

**सुप्रीम कोर्ट**

### पूरा मामला समझें

सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया। यह पहली बार नहीं है, जब कोर्ट ने फ्रीबीज को लेकर सख्त टिप्पणी की है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 12 फरवरी 2025 को कहा था, 'लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं।'

कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि इन लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बजाय क्या आप मुफ्त की योजनाएं लागू करके परजीवियों की जमात नहीं खड़ी कर रहे हैं?

वहीं 9 दिसंबर 2024 को भी केंद्र सरकार के मुफ्त राशन बांटने पर सख्त टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा था- कब तक ऐसे मुफ्त राशन बांटा जाएगा।

सरकार रोजगार के अवसर क्यों नहीं पैदा कर रही? तब कोर्ट अकुशल मजदूरों को मुफ्त राशन कार्ड दिए जाने से संबंधित मामले पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र ने अदालत को बताया था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त या रियायती राशन दिया जा रहा है।

### देश के राज्यों में चल रही मुफ्त की योजनाएं

**1. बिजली से जुड़ी मुफ्त योजनाएं**

**दिल्ली**
हर महीने करीब 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**पंजाब**
प्रति घर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**झारखंड**
हर महीने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**राजस्थान**
चयनित परिवारों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**हिमाचल प्रदेश**
हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त

**बिहार**
125 यूनिट तक बिजली मुफ्त

**तेलंगाना/आंध्र प्रदेश/पंजाब**
किसानों को खेती के लिए मुफ्त बिजली

**2. अन्य योजनाएं**

**दिल्ली**
महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा
पानी मुफ्त/सब्सिडी (स्थानीय योजना)

**मध्य प्रदेश**
लाडली बहना योजना: महिलाओं को आर्थिक सहायता
मेधावी लड़कियों को स्कूटी मुफ्त

**छत्तीसगढ़**
गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी

**हरियाणा**
महिलाओं को हर महीने आर्थिक मदद

**तमिलनाडु**
महिलाओं को मासिक सहायता | सार्वजनिक परिवहन में अन्य सुविधाएं

### असम में क्या महिलाएं खोलेंगी भाजपा की जीत का रास्ता: स्कीम से मुस्लिम भी खुश

असम के कामरूप जिले में एक महिला साइकिल पर बेटी को लेकर जा रही थी। हमने पूछा- सरकारी योजनाओं के पैसे मिले क्या? जवाब मिला- ह्यहां, मिले हैं। हमने पूछा, अबकी बार किसकी सरकार? वे मुस्कुराकर बोलीं- 'BJP की...BJP जिंदाबाद, हिमंता जिंदाबाद असम में करीब दो महीने बाद चुनाव होने हैं।

### ज्यादा लोड डालकर किया चेक; ये एस्ट्रोनॉट्स की धरती पर वापसी में जरूरी

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ। क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई।

इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा।

गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है।

यह टेस्ट बुधवार (18 फरवरी) को चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेड सुविधा में किया गया। यह डायनेमिक टेस्ट डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन की स्पेशल हाई-स्पीड एयरोडायनेमिक और बैलिस्टिक मूल्यांकन सुविधा फ्ळफ्र में पूरा हुआ।



इसमें इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर की एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट और टीमों ने भाग लिया।

### गगनयान मिशन के बारे में जानें

इसरो का गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी तकनीक से अंतरिक्ष में भेजकर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। इसमें भारत में विकसित क्रू मॉड्यूल, सर्विस मॉड्यूल और जीवन रक्षक प्रणालियों का उपयोग होगा। मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की निचली कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) में कुछ समय बिताने के बाद सुरक्षित लैंडिंग करेंगे। गगनयान के सफल होने से भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता रखने वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। स्पेस एक बढ़ती हुई इकोनॉमी है, जो 2035 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 154 लाख करोड़ रुपए की हो जाएगी। इसलिए भारत का इसमें बना रहना जरूरी है।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी:कांग्रेस ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा फ्रर-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। भास्कर रिपोर्टर ने राजा आमेरा से बात की। उसने कहा- मुझे वीडियो की जानकारी नहीं है। विपक्ष ने फेक आईडी बनाकर वीडियो बनाया है। मैं सनातन से जुड़ा हुआ हूं। देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता हूं। वीडियो में खुद को करणी सेना का बताते हुए शख्स ने संसद में ओम बिरला के चैंबर में हुई घटना का जिक्र किया। शख्स की पहचान राज आमेरा के रूप में हुई है। वह कोटा के उद्योग नगर का है। करणी सेना का संभागीय प्रवक्ता है। करीब 3 दिन पहले ही प्रवक्ता बनाया गया है।

### संघर्ष में 11 फाइटर जेट्स गिरे थे

# ट्रम्प बोले- मैंने भारत-पाक को 200% टैरिफ की चेतावनी दी:तब लड़ाई रोकने के लिए माने

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को वॉशिंगटन में द्बोर्ड ऑफ पीसह्व कार्यक्रम में फिर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि मैंने देशों पर 200% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद वे संघर्ष रोकने के लिए माने। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब थे, लड़ाई तेज हो गई थी और विमान गिराए जा रहे थे। मैंने दोनों नेताओं (मोदी और शहबाज शरीफ) को फोन किया। मैं पीएम मोदी को अच्छी तरह जानता हूं।

ट्रम्प ने कहा कि मैंने दोनों से साफ कह दिया था कि अगर वे झगड़ा खत्म नहीं करेंगे तो मैं उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करूंगा। ट्रम्प के मुताबिक दोनों देश लड़ना चाहते थे, लेकिन जब पैसे का मामला आया और नुकसान की बात सामने आई तो वे मान गए। ट्रम्प ने दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान 11 महंगे फाइटर जेट्स गिराए गए थे। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि ये फाइटर जेट्स किसी देश के थे।

ट्रम्प ने कहा- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने उनके चीफ ऑफ स्टाफ के सामने कहा था कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाकर 2.5 करोड़ लोगों की जान बचाई।

पाकिस्तानी आतंकियों ने पिछले साल अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय टूरिस्ट्स को मार दिया था। इसके बाद भारत ने 6 और 7 मई की रात पाकिस्तान और द्बढ्ढह्व में आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की थी। इन ठिकानों में पाकिस्तान के पंजाब राज्य के बहावलपुर और मुरीदके जैसे इलाके भी शामिल थे।

इसके जवाब में 8 मई की शाम को पाकिस्तान ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला करने की कोशिश की। उसने तुर्किये और चीन के ड्रोन का इस्तेमाल किया, लेकिन इसमें उसे कामयाबी नहीं मिली।

भारत की वायु रक्षा पूरी तरह से एक्टिव थी और छोटे हथियारों से लेकर बड़े एयर डिफेंस सिस्टम तक हर हथियार तैयार था। इन हथियारों ने पाकिस्तान के ड्रोन को काफी नुकसान पहुंचाया।


भारतीय सेना ने भी सीमा के दूसरी तरफ भारी तोपों और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान की सेना को बुरी तरह से उलझा कर रखा और उसे बड़ा नुकसान पहुंचाया।

### ट्रम्प बोले- अप्रैल में चीन दौरे पर जाउंगा

चीन को लेकर ट्रम्प ने कहा कि उनका राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है। उन्होंने बताया कि वह अप्रैल में चीन जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब वे चीन गए थे तो राष्ट्रपति शी ने उनका शानदार स्वागत किया था। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इतने सारे सैनिक एक साथ कभी नहीं देखे थे, जो बिल्कुल एक ही कद के थे। उन्होंने मजाक में कहा कि अगर वे हेलमेट उतार देते तो उनके सिर पर बिलियर्ड खेला जा सकता था।

### बोर्ड ऑफ पीस क्या है?

ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितंबर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने करीब 60 देशों को इस बोर्ड में शामिल होने का न्योता भेजा है। पिछले हफ्ते दुनिया के नेताओं को भेजे गए न्योते में बताया गया कि इस बोर्ड की भूमिका सिर्फ गाजा तक सीमित नहीं



रहेगी, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर संघर्षों को सुलझाने में भी काम करेगा।

भेजे गए एक मसौदा (चार्टर) में कहा है कि जो देश तीन साल से ज्यादा समय तक इस बोर्ड का सदस्य बनना चाहते हैं, उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान देना होगा। खुद इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं। वे चाहते हैं कि यह बोर्ड सिर्फ गाजा के युद्धविराम तक सीमित न रहे, बल्कि दूसरे मुद्दों पर भी काम करे। हालांकि, इससे कुछ देशों को चिंता है कि इससे ग्लोबल डिप्लोमेसी में वठ की भूमिका कमजोर हो सकती है। ट्रम्प ने कहा कि जब यह बोर्ड पूरी तरह बन जाएगा, तब यह बड़े फैसले ले सकेगा और जो भी काम होगा, वह वठ के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वठ में बहुत क्षमता है, लेकिन उसका अब तक पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से अमेरिका के अलावा किसी भी देश ने अभी तक इस बोर्ड में शामिल होने की पुष्टि नहीं की है।

## हनुमान जी की मूर्ति से ट्रम्प समर्थक नाराज: कहा- ये दिल्ली नहीं, पिछड़े देशों के लोग

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के टेक्सास राज्य में हनुमान जी की मूर्ति पर ट्रम्प समर्थक नेता कार्लोस टुर्सियोस ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह इस्लामाबाद या नई दिल्ली नहीं है। यह शुगर लैंड, टेक्सास है। टुर्सियोस ने कहा कि पिछड़े देशों के प्रावासी धीरे-धीरे टेक्सास और अमेरिका पर कब्जा कर रहे हैं। यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी मूर्ति क्यों है? हमला रोकिए। बता दें कि हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति टेक्सास राज्य के द्बश्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी है और इसे स्टैच्यू ऑफ यूनियन कहा जाता है।

### टुर्सियोस पर नस्लभेदी सोच फैलाने का आरोप

कई लोग सोशल मीडिया पर टुर्सियोस के इस बयान का विरोध कर रहे हैं। कुछने उन पर नस्लभेदी सोच फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रवासी समुदाय और अलग-अलग धर्मों के लोगों ने अमेरिकी समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्तिक गडा नाम के एक यूजर ने अमेरिका में बोली जाने वाली भाषाओं का चार्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अमेरिका में 4.1 करोड़ घरों में स्पेनिश बोली जाती है, जबकि भारतीय भाषाएं टॉप 10 में भी नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि घर में बोली जाने वाली भाषा समाज में घुलने-मिलने का बड़ा संकेत है और भारतीय-अमेरिकी समुदाय काफी हद तक मुख्यधारा में शामिल हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि जब किसी भारतीय भाषा के बोलने वालों की संख्या स्पेनिश से ज्यादा हो जाएगी, तब यह देखा जाएगा कि कौन कितना घुला-मिला है।

नूरी सुन्नाह नाम के एक यूजर ने लिखा कि यह मूर्ति करीब डेढ़ साल से वहीं है। मंदिर में आने वाले हिंदुओं को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। अगर किसी को यह पसंद नहीं है, तो वह इसे नजरअंदाज कर सकता है।

### टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति

अमेरिका के टेक्सास राज्य के शुगर लैंड में मौजूद श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची कांसे की मूर्ति है। इसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है। यह भारत के बाहर हनुमानजी की सबसे ऊंची मूर्ति है। मूर्ति का वजन 90 टन है और इसे पांच धातुओं के मिश्रण से बनाया गया है। हनुमानजी को अभय मुद्रा में हाथ आगे करके और गदा के साथ दिखाया गया है। यह कमल के तख्त पर खड़ी है, जिसे हाथी की मूर्तियों से सजाया गया है। अमेरिका में यह तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है, जो स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी (151 फीट) और फ्लोरिडा की पेगासस एंड ड्रैगन (110 फीट) के बाद आती है।

# ईरान पर इस हफ्ते हमला कर सकता है अमेरिका

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं।

बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजराइल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए।



# चीनी रोबोट्स का डांस वायरल: बच्चों के साथ मार्शल आर्ट्स भी किया, एक्सपर्ट्स बोले-चीन ने रोबोटिक्स में अमेरिका को पछाड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› बीजिंग

चीन ने सोमवार को दुनिया को अपनी तकनीकी ताकत दिखाई। एक कार्यक्रम में इंसानों जैसे दिखने वाले ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने मार्शल आर्ट्स और डांस किया। करीब 25 रोबोट्स बच्चों के साथ तलवार भांजते, बैकलिफ्ट करते और डंडे घुमाते हुए डांस करते दिखाई दिए।

खास बात यह रही कि एक भी रोबोट गिरा नहीं। यह प्रदर्शन देख दुनिया हैरान रह गई। कई लोगों के मन में सवाल उठा कि अगर रोबोट अब नाच सकते हैं और कुंग फू कर सकते हैं, तो वे और क्या कर सकते हैं।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह प्रदर्शन पिछले साल के मुकाबले बिल्कुल अलग था। पिछले साल रोबोट्स सिर्फ रुमाल घुमाते और साधारण हरकतें करते नजर आए थे। लेकिन एक साल में सबकुछ बदल चुका है। चीन दुनिया को



खासकर अमेरिका को दिखाना चाहता है कि वह तकनीक में बहुत आगे निकल चुका है।

### टेक्नोलॉजी का शोकेस है गाला, रोबोट कंपनियों को फायदा

एशिया में टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी कंपनी के प्रमुख जॉर्ज स्टीलर ने कहा कि जिस गाला में इन रोबोट्स ने प्रदर्शन किया, वह कई सालों से चीन की तकनीकी ताकत दिखाने का बड़ा मंच रहा है। इसी मंच पर चीन अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम, ड्रोन और रोबोट जैसी नई तकनीकों को दुनिया के सामने पेश करता रहा है। उन्होंने कहा कि इस गाला की सबसे खास बात यह है कि यहां सरकार की औद्योगिक नीति और टीवी के बड़े शो के बीच सीधा संबंध दिखाई देता है। यानी जिन कंपनियों को इस मंच पर अपने प्रोडक्ट दिखाने का मौका मिलता है,

### दुनियाभर में 90% रोबोट्स चीन के

रिसर्च फर्म ओम्डिया के अनुसार, पिछले साल दुनियाभर में भेजे गए लगभग 13 हजार ह्यूमनॉइड रोबोट्स में से 90 प्रतिशत चीन से थे। यह अमेरिकी कंपनियों से काफी आगे है। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि इस साल चीन में ह्यूमनॉइड रोबोट की बिक्री दोगुने से ज्यादा बढ़कर 28 हजार यूनिट तक पहुंच सकती है। दुनिया के सबसे रईस शख्स इलॉन मस्क का कहना है कि उन्हें अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के रूप में चीनी कंपनियां नजर आती हैं, क्योंकि वह टेस्ला को एआई आधारित रोबोटिक्स की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में कहा, द्बचीन को बाहर के लोग कम आंकते हैं, लेकिन चीन अगले स्तर का दमदार खिलाड़ी है। बीजिंग के टेक विश्लेषक पो झाओ का कहना है कि रोबोट्स का मैराथन दौड़ना, कुंग-फू किक लगाना या बैकफ्लिप करना सिर्फ दिखावा नहीं है। इसके पीछे बड़ी रणनीति है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | झे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजें




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार:एपस्टीन मामले में नाम

# 17 साल की लड़की से रेप का आरोप; शाही घर भी छीना जा चुका



ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने उन्हें गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सैंड्रिंघम में उनके घर से हिरासत में लिया। बता दें कि एंड्रयू का आज ही जन्मदिन है। दरअसल, एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था। हालांकि, एंड्रयू ने गिफ्रे के सभी आरोपों को खारिज किया था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी। एंड्रयू को पुलिस ज्यादा से ज्यादा 96 घंटे तक हिरासत में रख सकती है, लेकिन इसके लिए सीनियर पुलिस अधिकारियों और अदालत से इजाजत लेनी पड़ेगी। आम तौर पर ऐसा कम ही होता है।

ज्यादातर मामलों में किसी भी संदिग्ध को 12 या 24 घंटे तक रखा जाता है। उसके बाद या तो उस पर केस दर्ज कर दिया जाता है या फिर आगे की जांच तक छोड़ दिया जाता है।

अगर एंड्रयू को थाने ले जाया जाता है, तो उन्हें लॉकअप में रखा जा सकता है और वहीं वे पूछताछ का इंतजार करेंगे। पुलिस उनके कंप्यूटर, फाइलें और फोटो देख सकती है। साथ ही, वे उन घरों या जगहों की भी तलाशी ले सकते हैं जहां वे रहते हैं, जिनके मालिक हैं या जिन पर उनका नियंत्रण है।

## पुलिस एंड्रयू को 96 घंटे हिरासत में रख सकती है



## एंड्रयू को उम्रकैद की सजा हो सकती है

इंग्लैंड में सार्वजनिक पद पर रहने हुए कदाचार गंभीर अपराध माना जाता है। इस अपराध में यह साबित होना जरूरी है कि व्यक्ति को पता था कि वह गलत कर रहा है, फिर भी उसने ऐसा किया। इस अपराध में अधिकतम सजा उम्रकैद हो सकती है। इस मामले की सुनवाई सिर्फ गंभीर आपराधिक आरोप के तहत अदालत में की जा सकती है। माना जा रहा है कि यह मामला उस समय से जुड़ा है जब एंड्रयू ब्रिटेन के ट्रेड एनवॉय (व्यापार दूत) थे। वह 2001 में इस पद पर नियुक्त हुए थे, लेकिन 10 साल बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। उस समय उनका नाम अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर विवादों में आया था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी दस्तावेजों में बताया गया था कि पद पर रहते हुए एंड्रयू का एपस्टीन से संपर्क था।

### किंग चार्ल्स बोले- कानून अपना काम करेगा

किंग चार्ल्स ने अपने छोटे भाई एंड्रयू की गिरफ्तारी पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि कानून को अपना काम करने दिया जाएगा। अब आगे इस मामले की पूरी, निष्पक्ष और सही तरीके से जांच की जाएगी और यह काम संबंधित अधिकारी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक जांच चल रही है, इस मामले पर आगे टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा। वहीं एंड्रयू गिरफ्तारी की घोषणा से पहले जब प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से सवाल किया गया, तो उन्होंने बीबीसी से कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, जिसके पास भी कोई जानकारी है, उसे गवाही देनी चाहिए।

किंग चार्ल्स ने पिछले साल अक्टूबर में अपने छोटे भाई एंड्रयू से ह्यप्रिंसह्न का खिताब और सभी शाही उपाधियां वापस ले ली थीं। उन्हें विंडसर स्थित उनके आलीशान घर ह्यरॉयल लॉजह्न को भी खाली करने का आदेश दिया गया। 65 साल के एंड्रयू दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ के दूसरे बेटे हैं। एंड्रयू का नाम लंबे समय से अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा रहा है। एंड्रयू को ह्यड्यूक ऑफ यॉर्कह्न का खिताब इस्तेमाल करने से भी रोक दिया गया था। शाही उपाधियां छिन जाने के बाद अब प्रिंस एंड्रयू को ह्यएंड्रयू माउंटबेटन-विंडसरह्न के नाम से जाना जाता है। वर्जिनिया गिफ्रे ने साल 2011 में अमेरिका के हाई प्रोफाइल वेश्यावृत्ति नेटवर्क का खुलासा कर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था।

एपस्टीन फाइल्स

## साल-दर-साल कैसे फंसते गए प्रिंस एंड्रयू



**2008:** एपस्टीन नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार कराने के मामले में दोषी ठहराया गया।



**2011:** पहली बार एंड्रयू को सार्वजनिक रूप से एपस्टीन के साथ न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में टहलते देखा गया था।



वर्जीनिया गिफ्रे ने दावा किया कि जब वह 17 साल की थी, तब एंड्रयू ने उसके साथ लंदन, न्यूयॉर्क और वर्जिन आइलैंड में संबंध बनाए।

*(तस्वीर 2001 की है। इसे 2011 में वर्जीनिया गिफ्रे ने पब्लिक किया।)*

**2015:** वर्जीनिया गिफ्रे ने पहली बार कहा कि एपस्टीन ने उन्हें नाबालिग अवस्था में एंड्रयू के पास भेजा था। एंड्रयू ने इनकार किया।

**2019:** एपस्टीन की मौत के बाद मामला फिर सुर्खियों में आया। एक और महिला जोहाना सोबर्ग ने आरोप लगाया कि प्रिंस एंड्रयू ने उनके स्तन पर हाथ रखा था।



16 नवंबर को BBC पर एक इंटरव्यू हुआ, जिसमें प्रिंस एंड्रयू ने पहली बार सार्वजनिक रूप से एपस्टीन से अपने रिश्ते पर बात की।

**2022:** एंड्रयू से सैन्य उपाधियां और शाही भूमिकाएं छीन ली गईं।

**2025:** जस्टिस डिपार्टमेंट ने एपस्टीन से जुड़े कई लाख फाइल जारी किए। एक तस्वीर में एंड्रयू 5 लड़कियों की गोद में नजर आए।

**2026:** कुछ तस्वीरों में एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके दिख रहे हैं।



## ब्रिटिश ताज

### टॉप 8 दावेदार



**1 प्रिंस विलियम**
किंग चार्ल्स III के सबसे बड़े बेटे। अगर किंग चार्ल्स के साथ कुछ होता है, तो अगला राजा विलियम होंगे।



**2 प्रिंस जॉर्ज**
विलियम और प्रिंसेस केट के सबसे बड़े बेटे। 12 साल के हैं और भविष्य में अपने पिता विलियम के बाद राजा बनेंगे।



**3 प्रिंसेस शार्लेट**
विलियम की बेटी। अगर जॉर्ज राजा नहीं बन पाते, तो अगली बारी चार्लोट की होगी।



**4 प्रिंस लुईस**
विलियम और केट के सबसे छोटे बेटे। वो अपने भाई-बहनों के बाद चौथे स्थान पर हैं।



**5 प्रिंस हैरी**
किंग चार्ल्स के छोटे बेटे।शाही जिम्मेदारियों से दूरी बनाई, लेकिन वंशानुक्रम की लाइन में।



**6 प्रिंस आर्ची**
प्रिंस हैरी और मेघन मार्कल के बेटे। वो अपने पिता के बाद छठे स्थान पर हैं।



**7 प्रिंसेस लिलिबेट**
हैरी और मेघन की बेटी। उनका नाम लिलिबेट, उत्तराधिकार में सातवें स्थान पर हैं।



**8 एंड्रयू**
राजपरिवार के सदस्य होने की वजह से उत्तराधिकार सूची में आठवें नंबर पर हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 20 फरवरी, 2026

### सुभाषितानि

चिन्तया जायते दु:खं नान्यथेहेति निश्चयी।
तया हीन: सुखी शान्त: सर्वत्र गलितस्पृह:॥

**भावार्थ :** चिंता से ही दुःख उत्पन्न होते हैं किसी अन्य कारण से नहीं, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला, चिंता से रहित होकर सुखी, शांत और सभी इच्छाओं से मुक्त हो जाता है।

एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम॥

**भावार्थ :** हे परमेश्वर! आप अपने को जैसा कहते हैं, यह ठीक ऐसा ही है, परन्तु हे पुरुषोत्तम! आपके ज्ञान, ऐश्वर्य, शक्ति, बल, वीर्य और तेज से युक्त ऐश्वर्य-रूप को मैं प्रत्यक्ष देखना चाहता हूँ।

## अतिरिक्तपुलिस-अर्धसैनिक-बला: नियोजिता:, संवेदनशीलक्षेत्रेषु

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

उखुल्-मण्डले अद्यतनघटनानां अनन्तरं सुरक्षां अधिकं कठिनं कृतम् अस्ति। अतिरिक्तपुलिस-अर्धसैनिक-बला: नियोजिता:, संवेदनशीलक्षेत्रेषु च निरन्तरं गस्तं क्रियते। अपराधिनां पहिचानं कृत्वा तेषां विरुद्धं कठोरकार्याणि क्रियन्ते इति प्रशासनं वदति। स्थानीयनिवासिन: वदन्ति यत् प्रचलति हिंसा सामान्यजीवने भृशं प्रभावितवती अस्ति। अनेके कुटुम्बा: स्वगृहं त्यक्त्वा सुरक्षितस्थानेषु आश्रयं प्राप्तुं बाध्यन्ते। व्यापारिकक्रियाकलापा: स्थगिता: अभवन्, जनानां मध्ये भयस्य वातावरणं प्रचलति। सर्वकारस्य प्रशासनस्य च समक्षं सर्वाधिकं आव्हानं राज्यस्य विभिन्नसमुदायानाम् मध्ये शान्तिं पुन: स्थापयितुं विश्वासस्य निर्माणं च अस्ति। विधायकनिवासस्य समीपे नियोजिता: रैपिड् एक्शन फोर्स-कर्मचारिण: आन्दोलनकारिण: विकीर्णं कर्तुं कतिपयानि गोलानि प्रहारं कृतवन्त:।

## सम्पादकीयम्

### भारत-यूरोपीयसङ्घस्य मुक्तविच्छेदेन

वैश्विकव्यापारक्रीडायां परिवर्तनं भविष्यति, येन चीनदेशयो: अमेरिकायो: च महत्त्वपूर्ण: आघात: भविष्यति। भारतस्य यूरोपीयसङ्घस्य च मध्ये मुक्तव्यापारसम्झौत: वार्ता अन्तिमपदे अस्ति, येन व्यापारस्य सन्तुलनं भविष्यति, अमेरिकीशुल्कदबावानां निवारणे च सहायकं भविष्यति। विशेषत: चीनदेशेन स्थापितं आव्हानं सम्बोधयितुं उभयपक्षेभ्य: एष: सौदा: महत्त्वपूर्ण: अस्ति। भारतस्य यूरोपीयसङ्घस्य च मध्ये मुक्तव्यापारसम्झौत: वार्ता अन्तिमपदे प्राप्ता अस्ति। व्यापारस्य सन्तुलनं कृत्वा अमेरिकीशुल्कदबावानां निवारणे सहायतां कृत्वा उभयपक्षेभ्य: एष: सौदा: महत्त्वपूर्ण: अस्ति। आशास्ति यत् २७ दिनाङ्के भारत-यूरोपीयसङ्घस्य शिखरसम्मेलनस्य समये एष: सौदा: अन्तिमरूपेण निर्धारित: भविष्यति। दीर्घकालं प्रतीक्षा। अस्य समझौते: कृते उभयपक्ष: बहुकालं प्रतीक्षते। वर्षाणं धैर्यपूर्णवार्तालापस्य अनन्तरं अधुना २४ अध्यायेषु २० अध्यायेषु सहमति: प्राप्ता, शेषेषु च आशा: अधिका: सन्ति। नववर्षीयविरामस्य अनन्तरं २०२२ तमस्य वर्षस्य जूनमासे अस्य सौदास्य विषये पुनः वार्ता आरब्धा। एतत् प्राप्तुं एष: एव सम्यक अवसर: यत: भारतं यूरोपीयसङ्घं च व्यापारे अमेरिका-चीनयो: आव्हानानां सामनां कुर्वन्ति व्यापार: वर्धते। यूरोपीयसङ्घ: भारतस्य मालस्य बृहत्तम: व्यापारिक: भागीदार: अस्ति। २०२४-२५ तमे वर्षे द्वयो: देशयो: व्यापार: १३६.५३ अब्ज डॉलर: अभवत्। भारतेन ७५.८५ अब्ज डॉलर निर्यात:, ६०.६८ अब्ज डॉलर आयात: च अभवत्।

#### वैष्णोदेवीभवने सुरक्षाभङ्गेन कोलाहल: उत्पद्यते

## धार्मिकशिष्टाचारस्य धमकीम् इति आरोपयन् वायरल्-वीडियो-विषये प्राथमिकी दाखिला



ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू

जम्मू-कश्मीरस्य प्रख्यातधर्मस्थले मातावैष्णोदेवीभवने सुरक्षाव्यवस्था गम्भीरनिरीक्षणे आगता अस्ति। सोशल मीडियायां वायरल् जातस्य एकस्य विडियोस्य अनन्तरं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्डेन गम्भीर कार्यवाही कृत्वा पुलिसं प्रति प्राथमिकी दाखिला अस्ति। कथ्यते यत् भवनपरिसरस्य अन्त: एकेन सामग्रीनिर्माताणा एतत् भिडियो गृहीतम्, येन सुरक्षाया: धार्मिकशिष्टाचारस्य च चिन्ता उत्पन्ना।

समाचारानुसारं शिखानामकेन सामग्रीनिर्माताणा सोशल मीडिया मञ्चे प्रकाशितेन भिडियो वैष्णोदेवीभवनस्य अन्त: दृश्यानि चित्राणि च दृश्यन्ते। एष: भिडियो वायरल् अभवत्, येन सुरक्षासंस्थानां, तीर्थमण्डलस्य च मध्ये अलार्म: उत्पन्न:। धार्मिकस्थलस्य अन्त: विडियो रिकार्डिङ्ग विषये कठोरनियमा: पूर्वमेव स्थापिता: सन्ति, एषा घटना च प्रमुखा सुरक्षादोष: इति मन्यते।

श्री माता वैष्णो देवी तीर्थ बोर्ड ने इस विषय को गंभीरता से लेकर भवन थाना में औपचारिक शिकायत दाखिल किया है। बोर्डेन स्पष्टीकृतं यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासस्य ११ दिनाङ्के एषा शिकायतां दाखिला, तदनन्तरं पुलिसै: कानूनीकार्याणि आरब्धानि सन्ति। भक्तानाम् आस्था, सुरक्षा च सुनिश्चित्य एतत् पदं गृहीतम् इति तीर्थमण्डलेन उक्तं, अस्मिन् विषये कानूनानुसारं कठोरकार्याणि करिष्यन्ते इति।

तीर्थमण्डलेन स्ववक्तव्ये उक्तं यत् मातावैष्णोदेवीमन्दिरं देशस्य विश्वस्य च कोटिकोटिभक्तानाम् आस्थाकेन्द्रम् अस्ति, तस्य सुरक्षां धार्मिकगौरवं च निर्वाहयितुम् अस्य सर्वोच्चप्राथमिकता अस्ति। मन्दिरस्य सुरक्षां धार्मिकभावनानां वा हानिकारकं किमपि कार्यं न सहते इति अपि बोर्डेन उक्तम्।

सुरक्षाविशेषज्ञा: मन्यन्ते यत् मन्दिरसङ्कुलसदृशेषु संवेदनशीलधार्मिकस्थलेषु विडियो रिकार्डिङ्ग अथवा छायाचित्रणं प्रतिबन्धयितुं प्राथमिककारणं सुरक्षाजोखिमनिवारणम् अस्ति एतादृशा: भिडिया: मन्दिरस्य आन्तरिकसंरचनाया: सुरक्षाव्यवस्थाया: च विषये सूचनां उजागरयितुं शक्नुवन्ति, येन भविष्ये सुरक्षाजोखिमा: सम्भाव्यन्ते। अत: एषा घटना न केवलं नियमानाम् उल्लङ्घनरूपेण अपितु सम्भाव्यसुरक्षाधमकीरूपेण अपि दृश्यते।

#### पर्यावरणविशेषज्ञा:

## अस्य विषयस्य अत्यन्तं गम्भीरं वर्णनं कृतवन्त:

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

पर्यावरणविशेषज्ञा: अस्य विषयस्य अत्यन्तं गम्भीरं वर्णनं कृतवन्त: यत् नदीयां एतादृशं अवैधखननं जैवविविधताया: अपि महत्त्वपूर्णं क्षतिं जनयति इति नदीन्तर्गतं जलजीवानां प्राकृतिकं निवासस्थानं नष्टं भवति, जलप्रवाहस्य सन्तुलनं च बाधितं भवति। विशेषज्ञा: वदन्ति यत् एतादृशा: कार्याणि दीर्घकालं यावत् सम्पूर्णस्य प्रदेशस्य पारिस्थितिकीतन्त्रे प्रभावं कर्तुं शक्नुवन्ति, येन मानवजीवनमपि प्रभावितं भवति।

स्थानीयनिवासिन: प्रशासने प्रमादस्य आरोपं कृतवन्त: यत् बहुवारं शिकायतां कृत्वा अपि अवैधखननस्य विरुद्धं कोऽपि प्रभावी कार्यवाही न कृता। प्रशासनस्य निष्क्रियता खननमाफियाया: साहसं करोति इति ग्रामजना: वदन्ति। तेषां प्रश्न: अस्ति यत् यदा कानूनेन यन्त्राणां प्रयोग: स्पष्टतया निषिद्ध: अस्ति तदा एतत् अवैधं कार्यं कथं एतावत् मुक्ततया निरन्तरं भवति।

ग्रामजना: सामाजिकसंस्था: च बर्बसपुर, काटा, सिल्गी इत्यादीनां वालुकाखानेषु अवैधखननस्य तत्कालं प्रतिबन्धं कर्तुं आग्रहं कृतवन्त:। समग्रस्य विषये स्वतन्त्रस्य निष्पक्षस्य च अन्वेषणस्य अपि आग्रह: अभवत्। ते वदन्ति यत् वास्तविकस्थिते: आकलनाय अन्वेषणसमित्या: निर्माणं करणीयम्, यदि दोषी इति ज्ञायते तर्हि खननठेकेदारानाम्, सम्बन्धितानाम् अधिकारिणां च विरुद्धं कठोरकानूनीकार्याणि करणीया: इति। अवैधखननस्य कारणेन पर्यावरणक्षति: वैज्ञानिकरूपेण मूल्याङ्कनं करणीयम्, अपराधिनां उपरि पर्यावरणक्षतिपूर्ति: अपि आरोपित: इति अपि ग्रामजना: आग्रहं कृतवन्त:।

## राशिफल

**मेष :** आगे की योजना बनाएं। परिवार के साथ समय बिताएं, इससे आपको खुशी मिलेगी। पास की किसी जगह घूमने जा सकते हैं।

**वृषभ :** सेहत का ध्यान दें। हल्की सैर पर निकलें, यह आपको सुकून देगी। प्रॉपर्टी में सोच-समझकर फैसला लें।

**मिथुन :** हल्की एक्सरसाइज से ताजगी मिलेगी। पास की सुंदर जगह घूम सकते हैं। प्रॉपर्टी के रुझानों पर नजर रखें।

**कर्क :** प्रॉपर्टी में सुधार या बदलाव फायदेमंद हो सकता है। पैसों को लेकर थोड़ा संभलकर चलें और उधार देने से पहले सोच लें।

**सिंह :** साथ बैठकर खाना खाएं। मन में कुछ बेचैनी उठ रही हो, तो परिवार के साथ शेयर करें। छोटी यात्रा मन बदल देगी।

**कन्या :** प्रॉपर्टी में सोच-समझकर कदम उठाएं। पैसों के मामले में स्थिति ठीक रहेगी। सेहत सामान्य रहेगी।

**तुला :** नई जगह घूमने जा सकते हैं। प्रॉपर्टी में समझदारी से निवेश करें। पैसों से जुड़ा कोई फैसला आज सोच-समझकर लें।

**वृश्चिक :** हल्की स्ट्रेचिंग या मेडिटेशन करें। फालतू खर्च से बचें। यात्रा की योजना बदल सकती है।

**धनु :** प्रॉपर्टी के सौदे फायदेमंद हो सकते हैं। पैसों का हिसाब-किताब ठीक रखें, वरना बाद में परेशानी हो सकती है।

**मकर :** प्रॉपर्टी में सोच-समझकर फैसला लें। सेहत के लिए हल्का और सादा खाना ठीक रहेगा।

**कुंभ :** खर्च करते वक्त थोड़ा संभलकर चलें। दोस्तों या परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा और दिन अच्छा गुजरेगा।

**मीन :** घर में माहौल ठीक रहेगा और किसी अपने से बात करके अच्छा महसूस होगा। आज का दिन शांत और संतुलित रहने वाला है।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध का गुरु के नक्षत्र में परिवर्तन से होंगे बड़े बदलाव, इन तीन राशियों के लिए रहेगा शुभ

बुध का गुरु के नक्षत्र में प्रवेश करना कई राशियों के लिए सकारात्मक संकेत दे सकता है। इस दौरान करियर, शिक्षा, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन में अनुकूल परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ सकता है।

15 फरवरी को बुध ग्रह गुरु के नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद में गोचर कर चुके हैं। यहां वह 10 मार्च तक रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र में बुध को बुद्धि, वाणी, तर्क और व्यापार का कारक माना जाता है, जबकि गुरु ज्ञान, विस्तार और समृद्धि के प्रतीक हैं। ऐसे में बुध का गुरु के नक्षत्र में प्रवेश करना कई राशियों के लिए सकारात्मक संकेत दे सकता है। इस दौरान करियर, शिक्षा, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन में अनुकूल परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ सकता है।



**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह अवधि पेशेवर जीवन में प्रगति के संकेत दे रही है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप कुशलता से निभाएंगे। इससे अधिकारियों और सहकर्मियों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। आय के अतिरिक्त स्रोत बनने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। जो लोग नया व्यापार शुरू करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें इस दौरान अनुभवी लोगों से सही मार्गदर्शन मिल सकता है। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगेगा और अच्छे प्रदर्शन के संकेत हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समय राहत देने वाला साबित हो सकता है।

**तुला राशि–** तुला राशि के लोगों के लिए यह गोचर रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने अनुभव और कौशल का बेहतर उपयोग कर पाएंगे, जिससे कार्यक्षेत्र में सराहना मिल सकती है। कुछ लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे शहर या देश जाने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय अनुकूल रह सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। साझेदारी के कार्यों में भी संतुलन बना रहेगा, जिससे रिश्ते मजबूत होंगे।

**मकर राशि–** मकर राशि के जातकों के लिए बुध का यह परिवर्तन वाणी और व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आपकी बात करने की शैली प्रभावशाली होगी, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। सामाजिक दायरे में सम्मान बढ़ सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है, विशेषकर वे जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। सफलता के संकेत मिल सकते हैं। परिवार के साथ भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी और आप जिम्मेदारी के साथ निर्णय लेंगे। स्वास्थ्य सुधार के लिए किए गए प्रयासों का अच्छा परिणाम मिल सकता है, जिससे मानसिक और शारीरिक ऊर्जा में वृद्धि होगी।

## खबर एक नजर...

### गजियाबाद के युवक की थार में मिली 56 लीटर कच्ची शराब

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने गुरुवार दोपहर को जहरीली शराब का परिवहन होने की सूचना मिलने के बाद कानीपुरा मार्ग पर कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर थार गाड़ी को रोका। तलाशी लेने उसमें रखी 2 प्लास्टिक की केन बरामद हुई। जिसमें 56 लीटर कच्ची जहरीली शराब भरी होना पाई गई। थार जप्त कर चालक को हिरासत में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। चालक दीपक पिता विजेन्द्रसिंह निवासी लक्ष्मीविहार कालोनी गाजियाबाद उत्तरप्रदेश होना सामने आया। उसका कहना था कि तराना से आते वक्त रास्ते में 2 युवकों ने उसे रोका था और गाडी के केन में रख कानीपुरा मार्ग पर एक व्यक्ति के मिलने पर देने की बात कहीं थी। पुलिस के अनुसार 56 लीटर शराब मिलने पर चालक दीपक के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### मार्निंग वॉक पर निकले वृद्ध ढाबा कर्मचारी की मौत

**उज्जैन।** मार्निंग वॉक पर गुरुवार सुबह निकले 70 साल के वृद्ध की इंदौररोड पर अचानक गिरने के बाद मौत हो गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, उसके पास मिले मोबाइल में दर्ज नम्बरों पर कॉल किया गया। इस दौरान नरेन्द्र शर्मा से संपर्क हुआ। उसने बताया कि ग्राम डेंडिया में ढाबा संचालित करता है, मोबाइल उसके यहां काम करने वाले कर्मचारी सुरेश पिता नर्मदाप्रसाद गुप्ता 70 साल का है। पुलिस ने गिरने पर मौत होने की जानकारी दी। ढाबा संचालक मौके पर पहुंचा और शव को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर हार्ट अटैक की संभावना जताई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा। ढाबा संचालक नरेन्द्र ने बताया कि सुरेश गुप्ता सागर का रहने वाला था, 8 माह पहले ही काम पर आया था। पुलिस ने परिजनों को घटना से अवगत कराया। शाम को उज्जैन पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये सागर लेकर गये है।

### 11.50 लाख के लेनदेन की बात पर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम सुरासा में रहने वाले राकेश पिता रघुनाथ मकवाना ने 3 माह पहले 14 लाख रुपए में हाइवा का सौदा योगेन्द्रसिंह से किया था। ढाई लाख रुपए बयाना दिया गया और शेष 11.50 लाख वाहन की एनओसी देने के बाद तय हुआ। बीती रात योगेन्द्र अपने 3-4 साथियों के साथ राकेश के घर पहुंचा और 11.50 लाख रुपए मांगने लगा। राकेश ने एनओसी देने की बात कही तो योगेन्द्र ने एनओसी देने से मना कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। राकेश घायल हो गया। योगेन्द्र और उसके साथी रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। राकेश की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाचा के घर चोरी करने वाले भतीजे को भेजा जेल

**उज्जैन।** बड़नगर के मिर्ची बाजार में रहने वाले नंदकिशोर अनावडिया के मकान में हुई चोरी की वारदात में आरोपी सगा भतीजा चंद्रशेखर उर्फ चिंटू निवासी देपालपुर हाल मुकाम नागझिरी उज्जैन होना सामने आया था। बड़नगर पुलिस ने बुधवार शाम उज्जैन में दबिश देकर चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया था। जिसकी निशानदेही पर चोरी किये गये 73 हजार रुपए नगद और 9.72 लाख के आभूषण बरामद किये गये थे। पुलिस उसे अपने साथ बड़नगर ले गई थी। गुरुवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 230-5 | 490-5 |
| मेन बाजार | 456-5 | 266-4 |
| मिलन डे | 190-0 | 246-2 |
| मिलन नाइट | 167-4 | 137-1 |

2 3 6

## पार्श्वनाथ कालोनी में हुई घटना, आवाज सुनकर पहुंचा था पड़ोसी

# चोरी की नियत से छुपे थे, पथराव कर भागे बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रात में बदमाशों द्वारा लगातार चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। बीती रात बदमाश पार्श्वनाथ कालोनी पहुंचे थे। खटखट की आवाज आने पर पडोसी पहुंचा तो बदमाश पथराव कर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात 3 बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

नागझिरी थाना क्षेत्र की पार्श्वनाथ सिटी के ए/314 पर मनोहर पटेल का मकान बना हुआ है। उन्होंने मकान किराये से दे रखा है। किरायेदार 18 फरवरी को रिश्तेदारी में बाहर चले गये थे। रात 2 बजे के लगभग सूने मकान पर खटखट की आवाज आने पर सामने मकान नम्बर 1/83 में रहने वाला अर्जुनसिंह पिता मांगीलाल सिसौदिया बाहर आया और अकेला ही मनोहर पटेल के मकान पर पहुंचा। जहां बरामदे में 3 बदमाश छुपकर बैठे थे। अर्जुनसिंह ने आवाज लगाई तो बदमाश बाहर आ गये और पथराव कर दिया। अर्जुन के शोर मचाया तो तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पथराव में अर्जुन आंख के पास चोंट लगी थी। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। नागझिरी पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची, लेकिन तीनों बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे। नागझिरी थाना एएसआई लाखनसिंह ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। संभावना जताई गई है कि तीनों चोरी की नियत से पार्श्वनाथ सिटी में आये थे, लेकिन कालोनी में किसी मकान पर वारदात होना सामने नहीं आया है। बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

### दुकानों-मकानों में हो रही चोरियां

शहर में चोरों की वारदातों का ग्राफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। फरवरी माह में नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महानंदानगर और बसंत बिहार कालोनी में 2 मकानों में चोरी होना सामने आ चुका है। बदमाश चिमनगंज थाना क्षेत्र की अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी और श्रीपुरम कालोनी में वारदात कर चुके है। कोतवाली थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स में वारदात के साथ बाफना नमकीन में चोरी का प्रयास होना सामने आ चुका है। लेकिन अब तक पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### उज्जैन से इंदौर तक देखे गये कैमरे

चोरी की वारदात में बदमाशों का सुराग लगाने के लिये पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में 2 मकानों में हुई चोरी की वारदात में 2 बदमाशों के साथ एक युवती दिखाई दी थी। तीनों का पता लगाने के लिये उज्जैन से इंदौर तक के कैमरे देखे जा चुके है। तीनों का मूवमेंट इंदौर में सामने आ चुका है, लेकिन आगे के कैमरे बंद मिलने पर कुछ पता नहीं चल पाया है।

# मंदसौर में 3 माह बाद मिला पैरोल पर गया फरार बंदी

### 10 हजार का था इनाम 20 साल की हुई थी सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



केन्द्रीय जेल में 20 साल की सजा काट रहा बंदी पैरोल पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा था। बंदी के फरार होने पर उसकी गिरफ्तारी के लिये इनाम घोषित किया गया था। 3 माह बाद पुलिस ने फरार बंदी को मंदसौर से गिरफ्तार किया है।

भैरवगढ़ थाना एएसआई जितेन्द्र गौसर ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट मामले में गोविंद पिता ईश्वर चौहान 42 साल निवासी ग्राम पावटी थाना गरोठ, जिला मंदसौर को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी गोविंद केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में सजा काट रहा था। 1 नवम्बर 2025 को उसे पैरोल पर 15 दिनों के लिये रिहा किया गया था। पैरोल अवधि समाप्त होने पर बंदी वापस नहीं लौटा था। जेल विभाग की ओर से उसके फरार होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में बंदी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। बंदी के बारे में जानकारी सामने नहीं आने पर उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एएसआई गौसर के अनुसार 3 माह बाद 18 फरवरी की रात सूचना मिली कि फरार बंदी अपने घर आया हुआ है। तत्काल आरक्षक जीवन कटारिया और आरक्षक लक्ष्मीचंद के साथ मंदसौर पहुंचकर ग्राम पावटी थाना गरोठ क्षेत्र में दबिश दी गई। फरार इनामी बंदी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसे गुरूवार को उज्जैन लाया गया और दोपहर में न्यायालय में पेश किया गया। जहां बंदी को केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

# हिन्दू युवती के साथ उज्जैन आया था मुस्लिम युवक

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



हिन्दू युवतियों के साथ मुस्लिम युवकों के लगातार उज्जैन आने के मामले सामने आ रहे है। गुरूवार को भी दिल्ली का रहने वाला युवक हिमाचल की हिन्दू युवती के साथ आया था। जिसे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ा।

बताया जा रहा है कि महाकाल मंदिर क्षेत्र की एक होटल में मुस्लिम युवक के साथ हिन्दू युवती के जाने की खबर मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे थे। उन्होंने युवक को रास्ते में पकड़ लिया और पूछताछ शुरू की। युवक ने खुद को दिल्ली का रहने वाला नसीम अकरम पिता हकीमउद्दीन होना बताया। उसका कहना था कि वह युवती के साथ महाकाल दर्शन के लिये आया था। युवक के मुस्लिम होने और युवती के हिन्दू होने की बात सामने आते ही कार्यकर्ताओं ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मामले की जानकारी लगते ही महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक-युवती को अपने साथ थाने ले आई। जहां युवती हिमाचल प्रदेश कर रहने वाली सामने आई। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि दोनों से पूछताछ में खुद को दोस्त होना बता रहे थे। युवक दिल्ली की होटल में शेफ है। वहीं युवती दिल्ली में अपनी दादी के यहां रहकर पढ़ाई कर रही है। नसीम उसकी दादी के घर के पास रहता है। मामले में युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। युवती को वन स्टॉप सेंटर भेज परिजनों को सूचना दी गई है। जिनके आने पर युवती को उनके सुपुर्द किया जायेगा। विदित हो कि कुछ दिन पहले भी नानाखेड़ा क्षेत्र की होटल में मुस्लिम युवक के साथ हिन्दू युवती के होने का मामला सामने आया था। युवक धोती-कुर्ता पहनकर युवती के साथ महाकाल मंदिर भी पहुंचा था। इससे पहले भी कई मामले हिन्दू युवती के साथ मुस्लिम युवक के उज्जैन आने के सामने आ चुके हैं।

## मामला बैंक खाते खोल अवैध ट्रेडिंग और फ्रॉड का

# नहीं मिला गिरोह का सरगना, पिता लगाता है गुड का ठेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




कमीशन का लालच देकर गरीब लोगों के बैंक खाते खुलावा कर अवैध ट्रेडिंग और सायबर फ्रॉड गिरोह के सरगना की तलाश में गुरूवार को देवास में दबिश दी गई। सरगना नहीं मिला लेकिन पता चला कि पिता गुड का ठेला लगाते है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बुधवार को सायबर फ्रॉड और अवैध ट्रेडिंग में लोगों के खातों का दुरूपयोग करने वाले गिरोह के एक सदस्य वाजिद पिता शरीफ जलावत 29 साल निवासी चन्द्रवतीगंज जिला इंदौर को गिरफ्तार किया था। जिसे न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया। उसके पास से कुछ बैंक पास बुक, चैक, 3 मोबाइल और एटीएम कार्ड जप्त किये गये है। पूछताछ में उसने गिरोह में 40 सदस्यों के शामिल होने और सरगना देवास के रहने वाले शोएब को बताया। गुरूवार को थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने एसआई दिनेश भाट्ट के नेतृत्व में एक टीम शोएब की तलाश में देवास रवाना की। जहां पता चला कि शोएब आनंद नगर में किराये से रहता था, अब मकान खाली कर चुका है। वह मूलरूप से देवास का रहने वाला है उसके पिता गुड का ठेला लगाते है। शोएब नहीं मिला, पुलिस ने उसके पिता की तलाश शुरू की लेकिन उनका पता भी नहीं चल पाया। जिसके चलते टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। पुलिस अब गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाकर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### विवाद होने पर थाने पहुंचा था मामला

विदित हो कि मंगलनगर में रहने वाले विशाल चौहान ने चिमनगंज थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि कोयला फाटक पर वाजिद मिला था, जिसने बैंक खाते खुलवाने की बात कहते हुए उसके खाते से लेनदेन करने पर कमीशन देने की बात कहीं थी। विरोध करने पर वाजिद ने विवाद किया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया था और वाजिद की तलाश शुरू कर उसे हिरासत में लिया। तब पता चला कि पूरा गिरोह गरीब लागों को झांसे में लेता है उनके खाते खुलवाता है और एटीएम जारी कराकर अपने पास रख लेता है। खातों का उपयोग सायबर फ्रॉड और अवैध ट्रेडिंग में करते है।

### वाजिद के पास मिले खातों की जांच

थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार गिरफ्त में आये वाजिद से कुछ खातों की जानकारी मिली है। जिसके संबंध में बैंकों से जानकारी प्राप्त की जांच शुरू की गई है। पता लगाया जा रहा है कि अब तक खातों में कितनी राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। वाजिद के हिरासत में आने पर 3 से 4 लोग सामने आ चुके है। जिनके खाते खुलावाकर कमीशन का लालच दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com